

दैनिक
सीहोर जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-287 | सीहोर, बुधवार 08 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## एचएमपीवी के बढ़ते केसों पर राज्य रखें पैनी नजर, लोगों को करें जागरुक

### -केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा-सांस संबंधी बीमारियों से निपटने में न रखें कमी





नई दिल्ली,(ए)। एचएमपीवी के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की समीक्षा की। स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को आईएलआई और एसएआरआई की निगरानी को और मजबूत करने की सलाह दी। साथ ही राज्यों से कहा गया है कि वह इसके उपायों के बारे में जनता को जागरुक करें, ताकि ऐसे मामलों का समय पर पता चल सके। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राज्यों को ऐसे मामलों की निगरानी बढ़ाने और उनकी समीक्षा करना चाहिए, ताकि श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने में कोई कमी न हो।

चीन से शुरू हुआ एचएमपीवी वायरस ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल के अलावा तमिलनाडु में इस वायरस से जुड़े मामलों की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र सरकार ने इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को पहले ही कह दिया है कि वह समय-समय पर इस संबंध में अपडेट कराए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एचएमपीवी वायरस मुख्य रूप से पीड़ित व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई मामलों में कोविड-19 जैसे ही हैं। ये वायरस खासतौर से शिशुओं और छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा अपनी चपेट में लेता है। वायरस संक्रमित मरीज में सबसे आम लक्षण खांसी है। इसके साथ हल्का बुखार, घरघराहट, नाक बहना या गले में खराश जैसी परेशानी भी हो सकती है। वायरस से संक्रमित होने के बाद गंभीर लक्षण आ सकते हैं। सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

### 300 फीट गहरी कोयला खदान में भरा पानी, 9 मजदूर फंसे; रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए सेना ने टास्क फोर्स का किया गठन

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के दीमा हसाओ जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी घुसने के बाद 9 मजदूर फंस गए हैं। भारतीय सेना ने मजदूरों को बचाने के लिए एक रिलीफ टास्क फोर्स की तैनाती की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने फंसे हुए मजदूरों को बचाने के लिए सेना से सहायता मांगी। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना ने असम के दीमा हसाओ जिले के सुदूर औद्योगिक शहर उमरंगशु में फंसे खनिकों को बचाने के लिए एक राहत कार्य बल तैनात किया है। टास्क फोर्स गोताखोरों, सैपर्स और अन्य आवश्यक चीजों से लैस है।अधिकारी ने कहा, राहत टास्क फोर्स में गोताखोरों, सैपर्स और अन्य संबंधित कर्मियों जैसे विशेषज्ञ शामिल हैं।



असम के दीमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान में फंसे खनिकों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है।

## नहीं हो सकता ईवीएम हैक, मतदाता सूची की जानकारी भी हर पार्टी को दी जाती है : मुख्य चुनाव आयुक्त



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को नजीते आएंगे।चुनाव की तारीखों के ऐलान के दौरान राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि युवा लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाते रहें। लोकसभा चुनाव में नया रिकॉर्ड बना है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में भी लोकतंत्र मजबूत होता रहेगा। उन्होंने मतदाता सूची में गलत एंट्री के आरोपों पर कहा कि इस तरह के आरोपों को सुनकर दुख होता है। ये ईवीएम चुनाव है। मतदाता सूची में नाम काटने की शिकायत की गई है। मतदाता सूची की जानकारी भी हर पार्टी को दी जाती है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि धीमी मतगणना को लेकर आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा भी कई सवाल उठाए गए हैं। हम सभी सवालों का जवाब देंगे। पारदर्शिता ही हमारी प्राथमिकता है। ईवीएम के साथ छेड़छाड़ को लेकर उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की बात में दम नहीं है।

### सीएम आतिशी ने फिर लगाया केन्द्र पर आरोप कहा मुख्यमंत्री आवास से निकाला गया

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली की सीएम आतिशी ने दावा किया कि उन्हें जो सीएम आवास मिला है उसका अलॉटमेंट बीजेपी सरकार ने कैंसल कर दिया है। हमारा घर छीना जा रहा है। चुनाव घोषणा की एक रात पहले ऐसा हुआ। ये दूसरी बार है जब मुझे आधिकारिक आवास से बाहर कर दिया है। सीएम आतिशी ने कहा आज दिल्ली के चुनाव की घोषणा हुई है। दिल्ली के चुनाव की घोषणा जिस दिन होती है, उससे पिछली रात को भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने जो मेरा सरकारी आवास है, जो आवास मुझे मुख्यमंत्री होने के नाते अलॉट हुआ है, तीन महीने में दूसरी बार मुझे उस मुख्यमंत्री आवास से निकालकर बाहर फेंक दिया। इसके आगे उन्होंने कहा चिट्ठी भेजकर मुख्यमंत्री आवास का अलॉटमेंट कैंसिल किया।



## दिल्ली विधानसभा चुनाव : एक चरण में 5 फरवरी को मतदान, 8 फरवरी को परिणाम

नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। 5 फरवरी को मतदान होगा और परिणाम 8 फरवरी 2025 को आएंगे। यह चुनाव एक चरण में संपन्न होगा।दिल्ली में करीब 1.55 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 83.49 लाख पुरुष और 79 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा, 1261 थर्ड जेंडर और 2.08 लाख नए मतदाता भी हैं। इस बार 33,000 बूथों पर मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि दिल्ली में 12 आरक्षित और 58 सामान्य सीटें हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 13,000 से अधिक पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं।

प्रमुख राजनीतिक पार्टियों की तैयारियां

इस बार आम आदमी पार्टी (आप) ने सबसे पहले सभी 70 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 29



सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं, जबकि कांग्रेस की 3 सूचियां जारी हुई हैं। प्रमुख मुकाबले कालकाजी और नई दिल्ली सीटों पर देखे जाएंगे, जिनमें समीकरण बदलने के कारण कड़ी प्रतिस्पर्धा हो सकती है। इस चुनाव के लिए सभी पार्टियां जोरदार प्रचार कर रही हैं, और यह मुकाबला काफी रोचक होने की संभावना है।

## भारत के पड़ोसी देशों में हिली धरती, 7.1 तीव्रता का भूकंप, 126 लोगों की मौत

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत के पड़ोसी देश चीन के तिब्बत क्षेत्र की धरती आज भयानक भूकंप से दहल गई है. इस भूकंप में 126 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 लोग घायल हो गए हैं. भूंकप की तीव्रता 7.1 रही. भूकंप इतनी तेज थी कि बिहार, असम और पश्चिम बंगाल समेत देश के कई हिस्सों में भी इसके तेज झटके महसूस किए गए।

### भूकंप से कांप गई धरती

न्यूज एजेंस ने चीनी मीडिया शिन्हुआ के मुताबिक, आज नेपाली सीमा के पास तिब्बत में 7.1 तीव्रता के भूकंप से धरती कांप गई. इस घटना में 32 लोगों की मौत हो गई है और 38 लोग घायल हो गए. भूकंप का केंद्र 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था. चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया है।

### भारत में महसूस हुए तेज झटके

बता दें कि भूकंप के झटके भारत तक महसूस किए गए हैं. बिहार, असम और पश्चिम बंगाल समेत देश के कई हिस्सों में तेज झटके महसूस किए गए. इससे पहले साल 2015 में नेपाल में भूकंप में जमकर तबाही मचाई थी. यहां 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब 9,000 लोग मारे गए थे और 22,000 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे. इसमें पांच लाख से ज्यादा घर तबाह हो गए थे. बता दें कि नेपाल उस क्षेत्र में बसा है, जहां भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट टकराती हैं, जिससे हिमालय बनता है और अक्सर भूकंप आते रहते हैं।



तिब्बत में भारी तबाही

### स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

#### -31 मार्च तक रहेंगे अंतरिम जमानत पर, अंतिम फैसले पर जारी रहेगी सुनवाई

नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उन्हें 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी है। यह फैसला चिकित्सा आधार पर लिया गया है, जिसमें आसाराम के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जमानत दी है। आसाराम पर यौन शोषण का गंभीर आरोप है और वे लंबे समय से जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। उनकी जमानत याचिका पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है और मामले की आगे की सुनवाई मार्च के बाद होगी।साल 2013 में आसाराम बापू पर कई गंभीर आरोप लगे थे। तभी एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया। जोधपुर पुलिस ने आसाराम बापू को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया था। तब से आसराम जेल में ही बंद हैं। इस मामले में आसाराम को 2018 में दोषी ठहराया गया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

## स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से आरंभ होगा युवा शक्ति मिशनः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### युवाओं में आत्मविश्वास निर्माण और कौशल उन्नयन हैं मिशन के उद्देश्य वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई मंत्रि-परिषद की बैठक



भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि, है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले दिए गए अपने संबोधन में यह जानकारी दी। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को यूनियन कार्बाइड के कचरे के विनिष्टीकरण के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति से भी अवगत कराया। मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले युवा शक्ति मिशन पर प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपने विचार भी रखे।




### तेजस्वी यादव का भाजपा पर तंज, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, लेकिन दूल्हा कोई नहीं

भभुआ (आरएनएस)। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। वहीं, भाजपा को लेकर भी सियासी हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में सरकार नाम की चीज नहीं है। यहां जो सिस्टम है, उस पर अफसरशाही काबिज हो गई है। मुख्यमंत्री टायर्ड हो चुके हैं और रिटायर्ड अधिकारियों के साथ सरकार चला रहे हैं।

अपने कार्यकर्ता दर्शन और संवाद यात्रा के क्रम में कैमूर पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन दूल्हा कोई नहीं है और न चेहरा है। अभी भी पिछलग्गू बने हुए हैं। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम लोगों ने ईडब्ल्यूएस का कभी विरोध नहीं किया था। उस समय भी हम लोगों ने एक चीज मांगी थी कि ईडब्ल्यूएस में जो भी गरीब लोग हैं, उन लोगों के लिए भी एक कोटा होना चाहिए। दूसरी बात है कि हम लोगों ने ईडब्ल्यूएस को नहीं हटाया था। हम लोगों ने 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस के साथ 75 प्रतिशत आरक्षण लागू किया।

## 'मुफ्त सेवाओं' पर भड़का ECI, कहा- आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गिरवी

नई दिल्ली((आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कई बड़ी बातें कहीं है। वोटर लिस्ट, ईवीएम से लेकर वोटिंग पर्सेंटेज तक पर उठाए जा रहे सवालों पर उन्होंने विस्तार से जवाब दिया और यह भरोसा दिया कि देश में चुनाव पूरी निष्पक्षता के साथ कराए जा रहे हैं।

### मुफ्त सेवाएं आने वाली पीढ़ियों का भविष्य रख रही गिरवी

इस दौरान उन्होंने चुनाव में 'फ्रीबीज' (मुफ्त वाली स्कीमों) के बढ़ते चलन पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह मामला अदालत में विचाराधीन होने की वजह से उनके हाथ बंधे हुए हैं। हालांकि, राजीव कुमार ने मुफ्त की घोषणाओं की वजह से कई राज्यों की आर्थिक हालत बिगड़ने का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गिरवी नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को बताना चाहिए कि घोषणा पत्र में किए गए उनके वादों का राज्य की आर्थिक हालत पर क्या असर होगा। मुफ्त वाले वादों से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'फ्रीबीज का मामला अदालत में विचारधीन है इसलिए हम इस पर नहीं बोल रहे हैं लेकिन चूंकि आपने रिफॉर्म को लेकर पूछा है तो मैं आपको बता सकता हूं कि क्या मौजूदा प्रावधान हैं, क्या किया जा सकता है और क्या करना चाहिए। 'सुब्रमण्यम बालाजी बनामा तमिलनाडु राज्य' के केस में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि फ्रीबीज पर रोक नहीं लगा सकते हैं। हमारे हाथ बंधे हुए हैं, मामला कोर्ट में है।'मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह अर्थव्यवस्था का सवाल है कि जो मेरे लिए फ्रीबीज है वह किसी के लिए हक है। फ्रीबीज और हक के बीच एक पतली रेखा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को घोषणा पत्र के साथ यह भी बताना चाहिए कि राज्य की आर्थिक हालत क्या है और जो वादे वह कर रहे हैं उसका क्या असर होगा। राजीव कुमार ने कहा, 'हमने राजनीतिक दलों को परफॉर्मा दिया है, इसका तुरंत इस्तेमाल होना चाहिए और जनता को बताना चाहिए कि जो भी घोषणापत्र का वादा है, हम फ्रीबीज शब्द का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, क्योंकि इसे परिभाषित करना मुश्किल है, जरूरी है कि राज्य के आर्थिक हालात की तस्वीर जनता को पता होनी चाहिए। जीडीपी/जीएसडीपी और कर्ज का अनुपात क्या है, आप कितना कर्ज लेंगे, कितना ब्याज चुकाएंगे।

### अमृतसर में पांच किलो हेरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। नशे के खिलाफ अपनी मुहिम में पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने ड्रग्स तस्करी में शामिल 4 तस्करों की गिरफ्तारी की है।साथ ही उनके पास से 5 किलो हेरोइन बरामद की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक महिला तस्कर भी शामिल है।इस बारे में पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत भुल्लर ने बताया, अमृतसर में पुलिस कमिश्नर को बड़ी सफलता मिली है। 5 किलो हीरोइन के साथ चार प्रमुख संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला तस्कर भी शामिल है। यह लोग एक पुराने नेटवर्क का हिस्सा थे, जो पाकिस्तान के स्मगलरों से जुड़ा हुआ था और यह ड्रोन के जरिए कंसाइनमेंट्स की तस्करी कर रहे थे।उन्होंने बताया, मुख्य तस्कर बलजीत कौर पाकिस्तान की सीमा से सटे गांव तरन तारन में रहती है। इस काम में उसका भतीजा भी इसमें शामिल है। तस्कर महिला का पति पहले ही इसी तरह के मामले में राजस्थान की जेल में बंद है। इनके संपर्क पाकिस्तान के तस्करों से है और इनका नेटवर्क पंजाब में भी फैला हुआ है।गुरप्रीत भुल्लर ने कहा, पुलिस ने इनकी संपत्ति और कनेक्शन की पूरी जानकारी इकट्ठी की है और वित्तीय पहलुओं की भी जांच की जा रही है। यह महिला अपने पति के संपर्कों के जरिए पूरे नेटवर्क को संभाल रही थीं।

# पंजीकृत गौ-शालाओं के गौवंश को मिलेगा 40 रुपए प्रतिदिन अनुदान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है गौ-वंश की उचित देखभाल हो, उन्हें समुचित आहार एवं पोषण मिले और इसके साथ पशुपालकों की आय भी बढ़े। इसके लिए सरकार कई योजनाएं ला रही है। प्रदेश में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। पंजीकृत गौशाला में रहने वाले पशुओं को पहले 20 रुपए प्रति दिन प्रति पशु आहार अनुदान दिया जाता था, जिसे अब बढ़ाकर 40 रुपए किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों को बोनस दिए जाने की भी सरकार की योजना है।। उन्होंने कहा कि गौ-वंश पालन से सीएनजी बॉयोगैस संयंत्र की स्थापना को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में संचालित सभी गौ-शालाओं का निरीक्षण करवाया जाए। अनुदान की राशि का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। गौ-शालाओं के



## बड़ी नगर पालिकाओं में भी बनाई जाएंगी अत्याधुनिक गौशालाएं

संचालन में समाज का भी पूरा सहयोग लिया जाना चाहिए। गौ-शाला में गौ-वंश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पंचायतवार अभियान चलाकर गोचर भूमि खाली कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घरों में गौ-वंश पालने के लिए भी शीघ्र योजना बनाई जाए। गाय का दूध अत्यंत पोषक होता है तथा बच्चों के कुपोषण को दूर करने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। गाय के दूध के उत्पादन एवं विपणन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

कुपोषित बच्चों को गाय का दूध उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के बड़े नगरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर की तरह अन्य बड़ी नगर पालिकाओं में भी आधुनिक गौ-शालाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में 187.00 लाख गौ-वंश है इनमें से 90.96 प्रतिशत यानी 170.537 लाख देसी नस्ल के गौ-वंश है। प्रदेश में 3.15 लाख गौ-वंश के लिए 2190 गौ-शालाएं संचालित की गई है। इनमें से प्रशासकीय स्वयं सेवी संस्थान द्वारा 627 गौ-शालाएं संचालित की जा रही है। इनमें 1.95 लाख गौ-वंश और मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना के अंतर्गत 1563 गौ-शालाओं में 1.20 लाख गौ-वंश रखे गए हैं। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल ने सुझाव दिया कि पालतू एवं निराश्रित गौ-वंश की पहचान के लिए उन्हें अलग-अलग रंग के टैग लगाए जाएं, जिससे गौ-वंश की पहचान आसान हो सके। मंत्री श्री पटेल ने बॉयो सीएनजी संयंत्र लगाने जाने की भी बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन पर सहमति व्यक्त की। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सुझाव दिया कि गौ-वंश की नस्ल सुधारने एवं बछिया उत्पादन के लिए सेक्स सॉर्टेड सीमन का अधिकाधिक उपयोग किया जाए।

## जनता दरबार में सीएम से नहीं मिल पाए फरियादी, अफसरों ने ही लिए आवेदन

भोपाल (आरएनएस)। सोमवार को सीएम के जनता दरबार में प्रदेश भर से लोग पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर से मिलने लोग पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अनुपस्थिति में अफसरों ने लोगों के आवेदन लिए और समस्याओं के जल्दी समाधान की बात कही। कुछ लोग सीएम से न मिल पाने के कारण निराश नजर आए। बता दें कि भाजपा में सीएम हाउस में सीएम डॉ. मोहन यादव के जनता दरबार की खबर सुनकर प्रदेश भर से लोग मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान लोग पुलिस प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य शिकायतें लेकर सीएम से मिलने पहुंचे थे। कटारा हिल्स निवासी साधाना गौतम ने बताया कि वे मूलतः मैहर के लटा गांव को रहन वाली है। उनके भाई ने भोपाल के कटारा हिल्स में फ्लैट खरीदा था। पर बिल्डर ने भाई की हत्या करवा दी। वे भाई के फ्लैट में रहते हैं, तो आए दिन गुंडे उन्हें धमकाते रहते हैं। इसकी कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकल रहा।

## हमीदिया : चार बार प्लान बदला, पाँच डेडलाइन खत्म, फिर भी शिफ्ट नहीं हो पाई कैथलैब

भोपाल(आरएनएस)। सरकारी कामों में लापरवाही की बानगी देखनी है तो हमीदिया अस्पताल आएं। यहां कैथलैब की शिफ्टिंग के लिए बीते एक साल में चार बार प्लान बदल चुका है। यही नहीं, पांच बार डेडलाइन भी बढ़ाई जा चुकी है, लेकिन शिफ्टिंग का काम शुरु तक नहीं हुआ। अब छठी बार डेडलाइन तय की गई है। अधिकारी 15 जनवरी तक शिफ्टिंग शुरु होने की बात कह रहे हैं। बीते साल हमीदिया अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को तोडने् के दौरान उड़ रही धूल के चलते कैथलैब् बंद करनी पड़ी थी। मलबा भी कैथलैब के रास्ते में पटक दिया था। उसके चलते तीन महीने तक लैब बंद रही। हाई के ऑपरेशन बंद रहने से मरीज परेशान हो रहे थे।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में विभागीय विषयों की समीक्षा की।

## नाथ के करीबी की सीएम मोहन से मुलाकात, मचा हंगामा

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश बीजेपी संगठन चुनाव के बीच प्रदेश की राजनीति में उस समय हंगामा हो गया जब पूर्व सीएम कमलनाथ के करीबी और पूर्व कांग्रेस मंत्री पीसी शर्मा सीएम मोहन यादव से मिलने पहुंचे। जैसे ही ये खबर राजनीतिक हलकों में पहुंची तो कहा जाने लगा की पीसी शर्मा बीजेपी ज्वाइन करने पहुंचे है। पीसी शर्मा और सीएम मोहन यादव के बीच हुई मुलाकात की कुछ तस्वीरे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हुई। हालांकि बाद में पीसी शर्मा ने भाजपा में जाने की खबरों को निराधार बताया और खंडन भी किया। पीसी शर्मा ने कहा कि वे लालबाग मैदान में होने वले नार्मदीय ब्राह्ण समाज के कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव को आमंत्रण देने पहुंचे थे। जिसके बाद से पीसी शर्मा के बीजेपी में जाने की खबरों पर विराम लगा। दरअसल, पीसी शर्मा मुख्यमंत्री मोहन यादव को आमंत्रण पत्र देने पहुंचे थे। दोनों की मुलाकात की कुछ तस्वीरे सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल तस्वीरों को देख प्रदेश



कांग्रेस में हंगामा हो गया। क्योंकि पीसी शर्मा के बीजेपी में जाने की अटकले लगाई जाने लगी। हालांकि बाद में पीसी शर्मा ने खबरों को निराधार बताया। उन्होंने कहा की वे नार्मदीय ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव को आमंत्रित करने पहुंचे थे। लालबाग मैदान में 11 जनवरी और 12 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित होना है। इसी कार्यक्रम में सीएम मोहन को आमंत्रण दिया है। इस दौरान उनके साथ योगेश महाराज बालीपुर धाम भी मौजूद रहे।

कौन है पीसी शर्मा

आपको बता दें कि पीसी शर्मा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक है। वे कमलनाथ के सबसे करीबी नेताओं में से एक है। पीसी शर्मा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत पार्षद से की थी। वे मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक, भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे है। वे कांग्रेस से विधायक भी रहे है।

## दिसम्बर तक पमरे ने लगभग 39 मिलियन टन माल लदान किया

भोपाल (निप्र)। महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय पर गुड्स ट्रैफिक फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तीनों मण्डलों पर वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए गुड्स लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने इस वित्तीय वर्ष के नौ माह में कुल 38.74 मिलियन टन माल लदान किया है। जिसमें अकेले दिसम्बर माह में 04.98 मिलियन टन माल लदान किया है। माल यातायात बढ़ाने के लिए पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले हसे पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में जबलपुर मंडल के प्रमुख फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के उद्द्येश्य से फ्रेट कस्टमर मीटिंग का आयोजन किया गया। इसके आलावा मुख्यालय और तीनों मंडलों पर मालभाड़ा व्यापारियों के साथ समन्वय बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। गुड्स ट्रैफिक को बढ़ाने के लिए गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल यातायात को बढ़ाने के लिए रेलवे द्वारा मालभाड़ा व्यापारियों को कई तरह की रियायतें/ छूट एवं अन्य सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। इसके साथ ही रेकों की ट्रैकिंग कर उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। आगे भी इस तरह पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए प्रयास आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

## एचएमपीवी : सर्दी-जुकाम के मरीजों पर नजर रखने के निर्देश

भोपाल, (आरएनएस)। कोरोना के बाद अब एक और नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) ने लोगों को आशंकित कर दिया है। इस वायरस को लेकर जहां लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं, वहीं विभागीय अधिकारियों ने भी सभी अस्पतालों को तैयारी पुख्ता करने को कहा है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है एचएमजीपीवी से डरने की जरूरत नहीं है। वह करीब 25 साल पुराना वायरस है ओर हर साल एक्टिव होता है। थोड़ी सी सकर्तकता से इसे बचा जा सकता है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण राठी ने इस संबंध में सभी सीएमएचओ को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों में संसाधनों की व्यवस्था बनाए रखें।

## बड़ा तालाब में डूबा है प्राचीन नगर, पानी के अंदर हो सर्वेक्षण

भोपाल, (आरएनएस)। बड़ा तालाब की अथाह जलराशि में एक प्राचीन नगर डूबा हुआ है। इस दावे के साथ भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने संसद की स्थाई समिति को एक प्रस्ताव दिया है। शहरी मामलों की स्थायी समिति की बैठक में शर्मा ने पानी के भीतर सर्वेक्षण कर इस धरोहर को सामने लाने की वकालत की है। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में सोमवार को हुई बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि तालाब कि किनारों पर भी बुर्ज ओर प्राचीन दीवारों के रूप में उस नगर के अवशेष अब भी मौजूद हैं। इसको लेकर वैज्ञानिक अध्ययन ओर खोज कराई जानी चाहिए, ताकि भोपाल की विरासत पर पढ़ाई पर्दा उठ सके। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि भोपाल राजा-महाराजाओं की नगरी रही है। यहां 11वीं सदी की धरोहरें हैं। प्राचीन काल से ही इस शहर का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। इनका संरक्षण, संवर्धन और सुंदरीकरण किया जाना चाहिए। बड़ा तालाब में ऐसी धरोहरों के अवशेष मौजूद हैं, जिसको लेकर कई वर्षों से दावे किए जा रहे हैं। इनकी खोज होना बहुत जरूरी है। शर्मा ने कहा कि कई पुरातत्वविद् बताते हैं कि इसमें वैथ्दक नगर बसा हुआ था। गांड कालीन किले की दीवारें या बुर्ज भी इसके किनारे पर दिखाई देते हैं। ऐसे में इसकी वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराना जरूरी है। बताया जा रहा है कि आवागमन ओर शहरी कार्यसमिति के पास विरासत ओर धार्मिक महत्व वाले शहरों की विकास योजनाओं के मूल्यांकन का एक कार्यक्रम है। समिति इस कार्यक्रम में चयनित परियोजनाओं के लिए धन आवंटन की सिफारिश करती है। सोमवार की बैठक में इस कार्यक्रम पर चर्चा होनी थी।

## बैंक की मनमानी आमजनों पर भारी

**-प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली सब्सिडी से रखा वंचित, सब्सिडी में स्टाम्प लगाने एवं फाईल के बहाने ऐंठे रूपये**

भोपाल (निप्र)। बैंक की मनमानी का एक मामला फिर से सामने आया है जहां पत्रकार संदीप आत्मज श्री राजू का परिवार बैंक के चक्कर काट रहा है, बैंक की मनमानी का शिकार हुए पत्रकार द्वारा बताया गया कि उन्होंने गृहम हाउसिंग फाइनेंस जो कि पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फायनैंस से बारह लाख का लोन लिय था साथ ही उन्हें लोन 9.5 प्रतिशत की दर से देने का भरोसा बैंक ब्रांच मैनेजर द्वारा दिया गया था लेकिन वेलकल लेटर में 11.50 प्रतिशत दर्ज होने से उनके द्वारा बैंक में विरोध दर्ज कराया गया था लेकिन ब्रांच मैनेजर द्वारा उन्हें भरोसा दिया गया कि एक वर्ष में ब्याज दर कम कर दी जायेगी लेकिन बैंक द्वारा ब्याज दर कम करने की बजाय उनकी ब्याज दर 15 प्रतिशत तक कर दी गई थी जिसके पश्चात उनके द्वारा आरबीआई गवर्नर सहित कई संस्थानों में बैंक की शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसके पश्चात उनकी ब्याज दर वापस से 11.50 प्रतिशत कर दी गई एवं यह भरोसा दिया गया जल्द से जल्द आपकी ब्याज दर 11.50 से कम कर दी जायेगी। लेकिन बैंक द्वारा वापस से ब्याज दर कम

GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

**बैंक मैनेजर ने आवेदन लेने से किया इंकार**

करने की बजाय ब्याज दर बढा दी गई जिसके पश्चात उनके द्वारा एम.पी.नगर जोन-1 में स्थित गृहम हाउसिंग फाइनेंस के ऑफिस जाकर वहां के मैनेजर प्रतीक जी से बात की गई लेकिन वहां मौजूद मैनेजर द्वारा उनकी सहायता करने की बजाय उन्हें यह कहकर वापस कर दिया गया कि ऑनलाईन शिकायत दर्ज करें इसमें हम कोई मदद नहीं कर सकते, साथ ही आवेदन लेने से मना कर दिया गया, जिसके पश्चात उनके द्वारा कई बार ईमेल के जरिये गृहम हाउसिंग फाइनेंस की ईमेल आईडी customercare@grihumhousing.com, head.customercare@grihumhousing.com एवं ग्राहक सेवा नंबर 1800-266-3204 में सम्पर्क किया गया लेकिन किसी भी प्रकार का कोई समाधान नहीं किया गया एवं साथ ही शिकायत का निराकरण करे बिना शिकायत को बंद कर दिया गया।

उनके द्वारा यह भी जानकारी दी गई की बैंक द्वारा जब उन्हें लोन दिया गया था तो प्रधानमंत्री द्वारा मिलने वाली सब्सिडी देने का भरोसा दिया गया था लेकिन बैंक द्वारा उनका आवेदन बैंक से आगे नहीं बढाया गया जिससे वह प्रधानमंत्री योजना अन्तर्गत मिलने वाली सब्सिडी से भी वंचित रह गये। बैंक के ऐसे आचरण एवं प्रताड़ना के चलते वह आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है साथ ही उनके द्वारा दिये गये आवेदन में यह बताया गया कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है जिससे वह बैंक के अत्याधिक ब्याज दर के साथ किस्तों का भुगतान करने में असमर्थ है। बैंक की मनमानी के चलते उनके द्वारा फायनैंस मिनिस्टर, आरबीआई गवर्नर सहित राष्ट्रीय आवास बैंक सहित अन्य संस्थाओं में आवेदन प्रेषित करके कार्यवाही की मांग की गई है।

## कलेक्टर ने आदमपुर छावनी कचरा खंती का किया निरीक्षण



भोपाल (निप्र)। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण के साथ मंगलवार को आदमपुर छावनी कचरा खंती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां एकत्रित कचरे के निष्पादन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण का उद्देश्य कचरा प्रबंधन की प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कचरे के निष्पादन में अपनाई जा रही तकनीकों की जानकारी विस्तार से कलेक्टर श्री सिंह को दी।

## भोपाल मंडल के 9 स्टेशनों पर किलाबंदी टिकट चेकिंग 1195 यात्री पकड़े गए, 6.32 लाख जुर्माना वसूला

**- भोपाल, रानी कमलापति,संत हिरदाराम नगर,गुना,बीना,इटारसी,हरदा,विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर चला अभियान**

**- अनियमित एवं बिना टिकट यात्रा करते 1195 यात्री पकड़ कर, रूपये 632980/- का जुर्माना वसूला गया**

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 07.01.225 को भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों जैसे भोपाल,रानी कमलापति,संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा,विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर एक साथ सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के 10 पर्यवेक्षक ,107 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 135 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 566 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 332555/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 600 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 294025/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं



स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 29 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 6400/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार सभी नौ स्टेशनों पर एक साथ चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 1195 मामलों से कुल रुपये 632980/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**भोपाल स्टेशन :** इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान भोपाल स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 21 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 140 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 87740/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 131 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 65745/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 2 यात्रियों से 400/- रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार भोपाल स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 273 मामलों से कुल रुपये 153885/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**इटारसी स्टेशनः** इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान इटारसी स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 25 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 119 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 86610/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 176 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 92320/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 11 यात्रियों से 3100/- रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

# रेत चोरी के लिए माफिया ने अपनाया नया तरीका, पुलिस भी देखकर रह गई हैरान, जानें मामला



शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में रेत चोरी करने के लिए माफिया नए-नए तरीके अपना रहे हैं। खैरहा पुलिस ने एक रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिसमें माफिया ने रेत को छिपाने के लिए रेत के ऊपर गिट्टी की डस्ट डाल रखी थी। पुलिस भी कुछ देर के लिए डस्ट देखकर धोखा खा गई, लेकिन चालक के चेहरे से झलकते डर की वजह से पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने जब डस्ट हटाकर देखा गया तो आंखें फटी की फटी रह गईं। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, खैरहा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव से पुलिस ने रेत से भरे एक ट्रैक्टर को जब्त कर चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि हमें मुखबिर की सूचना मिली थी कि लालपुर सरफा नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने चेकिंग लगाकर ट्रैक्टर की जांच शुरू की। चौराडीह गांव में कई ट्रैक्टर आते-जाते रहे। किसी में ईंट लोड थी तो किसी में मिट्टी। लालपुर की ओर से एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसमें गिट्टी की डस्ट लोड थी। मुखबिर ने ट्रैक्टर का रंग और नंबर नहीं बताया था। डस्ट देखकर पुलिस ने चालक को आगे जाने के लिए कहा।

लेकिन, डस्ट के नीचे अवैध रेत लोड होने की वजह से चालक घबरा गया और पुलिस को देखकर वाहन की रफ्तार बढ़ाकर भागने लगा। इससे पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने उसका पीछा कर कुछ दूरी पर ट्रैक्टर को रुकवा लिया। थाना प्रभारी ने डस्ट को हाथ लगाया तो नीचे रेत दिखी। यह देखकर सब हैरान रह गए।

थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया, "जब मैंने ट्रॉली में भरी डस्ट में हाथ लगाया तो नीचे रेत मिली, तब पता चला कि इसमें अवैध रेत लोड है।" मामले में चालक धनीराम कोल और मालिक राकेश गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अवैध रेत लालपुर के सरफा नदी से लोड कर परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने इस ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है। रेत के ऊपर गिट्टी की डस्ट डालकर इसे छुपाने की कोशिश की गई थी।



## डूमर गांव के जैन मंदिर में चोरी, सोने की मूर्ति, चांदी के छत्र और नकदी ले गए चोर

दमोह (ए.)। जिले के नोहटा थाना अंतर्गत ग्राम डूमर में स्थित सैकड़ो वर्ष प्राचीन नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सोने की मूर्ति के साथ चांदी के छत्र और दान पेटी चोरी कर ले गए और एक प्रतिमा को खंडित भी कर गए। घटना के बाद जैन समाज के लोगों में आक्रोश है। मंगलवार सुबह चोरी की जानकारी लगने पर पुलिस को अवगत कराया। एफएसएल और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार रात चोरों ने मंदिर में रखी 200 ग्राम वजनी भगवान पारसनाथ की सोने की मूर्ति, दो किलो चांदी के छत्र और दान पेटी में रखे 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। इतना ही नहीं चोर पारसनाथ भगवान की मूर्ति भी खंडित कर गए हैं।

सुबह समाज के लोगों को जानकारी लगी और पुलिस को बुलाया गया। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड की मदद से पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद जैन समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और पुलिस से जल्दी से जल्दी अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की जा रही है।

संजय जैन ने बताया अज्ञात चोरों सोने की मूर्ति चुराई और चांदी के क्षत्र व दान पेटी से नगदी चुरा ले गए। भगवान की एक प्रतिमा भी खंडित की गई है। इस घटना के बाद समाज के लोगों में काफी आक्रोश है और जल्द ही आरोपियों को खोजने की मांग की है। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## युवती को प्रेम जाल में फंसा कर किया शारीरिक शोषण, फिर अपहरण कर धर्मांतरण करने का बनाया दबाव



ग्वालियर(ए.)। शहर के सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सालबई गांव के रहने वाले एक जाति विशेष के युवक अरमान खान ने डबरा की रहने वाली युवती को प्रेम जाल में फंसा कर पांच वर्षों तक युवती का शारीरिक शोषण किया। आरोपी युवती पर लगातार धर्मांतरण का दवाब बनाना रहा था। सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के लोग भी सिटी थाना पहुंचे और पीड़ित युवती से बात कर सारी आपा बीती बताई।

युवती का कहना है कि मुझे अरमान खान निवासी डबरा पिछले पांच वर्षों से प्रेम जाल में फंसाकर शोषण कर रहा था। मुझ पर लगातार धर्मांतरण का दबाना बनाता था। आज मुझे बाइक पर बैठाकर ग्वालियर की तरफ ले जा रहा था। तभी मैं जैसे तैसे उसके चंगुल से छूटी और वहां पर मौजूद राहगीरों की मदद से डबरा के सिटी थाना पहुंची हूं। मैं चाहती हूं पुलिस उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। वहीं पुलिस ने उक्त युवती के कथन के आधार अरमान खान सहित उसके चाचा पर भिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उक्त आरोपियों की गिरफ्तार के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पार्षदों के विवाद में अब समाज भी कूदा, कालरा के समर्थन में सिंधी समाज पहुंचा भाजपा कार्यालय

इंदौर (ए.)। भाजपा पार्षद कमलेश कालरा और जीतू यादव के बीच चल रहे विवाद में अब समाज भी कूद गया है। दो दिन पहले जीतू यादव और निगमकर्मी यतींद्र यादव के साथ यादव समाज के लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने पहुंचे थे तो मंगलवार को सिंधी समाज के पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे और जीतू यादव के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।

कुछ समाजजनों ने कहा कि यादव ने कालरा की मां और बेटे को मारा है। यदि संगठन कठोर रवैया नहीं अपनाता है तो सिंधी समाज के लोग भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि इस विवाद को लेकर दोनों पक्षों को शोकाज नोटिस दिया गया है। जांच के बाद संगठन एक्शन लेगा।

## दोस्ती में दगा करने वाला डॉक्टर गिरफ्तार, एमबीबीएस फाइनल का पेपर देने आई जूनियर से दरिंदगी

ग्वालियर (ए.)। गजराराजा मेडिकल कॉलेज के सीनियर डॉक्टर संजय कुमार इवाने पर पुराने बॉयज हास्टल में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोप है कि सीनियर डॉक्टर इवाने ने छात्रा को मिलने के बहाने बुलाया था। इसी दौरान दुष्कर्म किया। छात्रा की शिकायत पर कंपू थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार भी कर लिया है।

डॉक्टर संजय कुमार इवाने निवासी बैतूल की दोस्ती जूनियर महिला डॉक्टर से थी। जूनियर महिला डॉक्टर का एमबीबीएस फाइनल का एक पेपर रह गया था। पेपर देने के लिए वह दतिया से ग्वालियर आई थी। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे जूनियर महिला डॉक्टर के पास सीनियर डॉक्टर संजय कुमार इवाने का कॉल आया।

उसने जूनियर महिला डॉक्टर को मिलने के लिए बुलाया। वह उसे कॉलेज के पुराने बॉयज हास्टल ले गया। वहां धमकाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद वहां से भाग गया। इसके बाद पीड़ित जूनियर महिला डॉक्टर कंपू थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई।

सीएसपी अशोक सिंह जादौन का कहना है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया है। जिस हास्टल में यह घटना हुई, वह लंबे समय से बंद पड़ा था।

## मंगलनाथ मंदिर में आई 4.50 करोड़ की चढ़ावा राशि, व्यवस्थाओं की प्रशासक ने की सराहना

उज्जैन (ए.)। मंगलनाथ मंदिर के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक भात पूजन एवं अन्य पूजनों तथा भेट पेटी एवं क्यूआर कोड के माध्यम से राशि रुपये 4,50,49,037 की मंदिर समिति को आय प्राप्त हुई है। साथ ही प्रशासक द्वारा यह भी बताया गया कि मंदिर पर की जाने वाली संपूर्ण व्यवस्था कलेक्टर के सक्षम नेतृत्व तथा अध्यक्ष एवं तहसीलदार सचिव श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हो सकी है।



मंगलनाथ मन्दिर प्रबन्ध समिति के प्रशासक के के पाठक ने बताया कि शिप्रा तट स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री मंगलनाथ के मंदिर पर देश-विदेश से श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों के साथ ही साथ भात पूजन एवं अन्य पूजनों यथा- कालसर्प, अंगारक दोष, श्रापित दोष, अर्क विवाह, कुंभ विवाह आदि की पूजन हेतु यजमानों का निरंतर रूप से आगमन होता है। आने वाले सभी यजमानों के द्वारा की जाने वाली पूजन मंदिर के विद्वान पंडित/आचार्यगणों के द्वारा संपूर्ण विधान के साथ संपन्न करवाई जाती है।

मंदिर पर आने वाले सभी यजमानों को विद्ववान पंडित/आचार्यगणों के द्वारा पूजन उपरांत आशिर्वाद दिया जाता है। यजमानों की मनोकामना पूर्ण होने पर पुनः संबंधित यजमान इस मंदिर आकर दर्शन-पूजन कराते हैं। उपरोक्त के क्रम में यह उल्लेखनीय की भगवान श्री मंगलनाथ के मंदिर पर आने वाले श्रद्धालओं को मंदिर के सभी कर्मचारियों के सहयोग से दर्शनार्थियों को व्यवस्थित एवं सुगमता के साथ ही साथ प्रतिदिन गर्भगृह के सामने से दर्शन करवाए गए। इसके साथ ही दर्शनार्थियों की भीड़ अत्यधिक होती थी। तब सम्मानीय पुजारीगणों/ कर्मचारियों के सराहनीय सहयोग से गर्भगृह के दोनों से लाइन चलवाकर कतारबद्ध तरीके से शीघ्र एवं सुगमतापूर्वक दर्शन करवाए गए।

## नई आबादी थाना पुलिस ने 20 लाख रुपये की 52 पेटी अवैध शराब पकड़ी, हरियाणा निवासी ट्रक चालक गिरफ्तार

मंदसौर (ए.)। मंदसौर की नई आबादी थाना पुलिस ने गुजरात पासिंग ट्रक में स्कीम बनाकर ले जाई जा रही 52 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और ट्रक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब और ट्रक की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

मंदसौर के नई आबादी थाना टीआई वरुण तिवारी ने बताया कि थाने पर पदस्थ एएसआई सुनील सिंह तोमर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नीमच तरफ से एक सफैद/लाल रंग का अशोक लिलेण्ड कंपनी का ट्रक जिसका नंबर GJ08 AW9137 के अन्दर स्कीम बनाकर



भारी मात्री में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है।

## जर्जर हो चुके 100 साल पुराने सराफा बाजार के 56 दुकानदारों से नपा ने मांगे दस्तावेज, 15 ने किए जमा

दमोह (ए.)। दमोह जिले के हृदय स्थल घंटाघर के पास स्थित 100 साल पुरानी सराफा बाजार की दो मंजिला बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते तीन दिसंबर को नगर पालिका द्वारा यहां के 56 सराफा दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें कहा गया था कि उनके पास दुकान की लीज या स्वामित्व संबंधी जो भी दस्तावेज उपलब्ध हैं, वह 15 दिन के अंदर नगर पालिका में उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए 19 दिसंबर तक का समय दिया गया था। लेकिन, पूरा महीना बीतने के बाद भी अधिकांश दुकानदारों ने अपने दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं।

**व्यापार समाचार**

## माइलेज की रानी अब नहीं मिलेगी, 1 लीटर में दौड़ती थी 70 किलोमीटर!

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । देश में माइलेज की रानी के नाम से मशहूर बजाज प्लेटिना 110 एबीएस अब बाजार से गायब हो गई है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इस मॉडल की बिक्री बंद कर दी है। यह खबर उन लोगों के लिए निराशाजनक होगी जो कम बजट में अधिक माइलेज देने वाली बाइक की तलाश में थे।

### क्यों बंद हुई प्लेटिना 110 एबीएस

प्लेटिना 110 एबीएस 70 किलोमीटर प्रति लीटर का शानदार माइलेज देती थी, फिर भी इसे बंद करने का फैसला क्यों लिया गया? इसका मुख्य कारण है कम बिक्री। भले ही यह बाइक कई बेहतरीन फीचर्स के साथ आती थी, लेकिन ग्राहकों ने इसे उतना पसंद नहीं किया जितना कंपनी को उम्मीद थी।

### क्या थे प्लेटिना 110 एबीएस के खास फीचर्स?



बजाज प्लेटिना 110 एबीएस एक किफायती और सुविधाजनक बाइक थी जो कई खास फीचर्स के साथ आती थी। इस बाइक का सबसे बड़ा आकर्षण इसका शानदार माइलेज था, जो लगभग 70 किलोमीटर प्रति लीटर था। इसके अलावा, 125सीसी से कम इंजन क्षमता वाली बाइक्स में सिंगल-चैनल एबीएस मिलना काफी दुर्लभ था, लेकिन प्लेटिना 110 एबीएस में यह फीचर दिया गया था, जिससे सुरक्षा और बढ़ गई थी। 115सीसी का दमदार इंजन इसे एक स्मूथ और आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता था, खासकर लंबी दूरी की यात्राओं के लिए।

### क्यों बंद हुई पल्सर एफएम250 भी?

प्लेटिना 110 एबीएस के अलावा, बजाज ने हाल ही में अपनी पल्सर एबीएस 250 बाइक को भी बंद कर दिया है। इस बाइक को भी ग्राहकों से उम्मीद के मुताबिक रिस्पॉन्स नहीं मिला था।

बजाज प्लेटिना 110 एबीएस और पल्सर एफएम 250 के बंद होने से यह साफ है कि कंपनी अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बदलाव कर रही है।

कंपनी अब उन मॉडलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो ग्राहकों को ज्यादा पसंद आ रहे हैं। अगर आप कम बजट में माइलेज वाली बाइक की तलाश में हैं तो आप बजाज प्लेटिना के अन्य मॉडलों या अन्य कंपनियों के समान सेगमेंट की बाइक्स पर विचार कर सकते हैं।

## सीईएस 2025 : सैमसंग के एआई-कनेक्टेड घरेलू उपकरणों, 8के क्यूएलईडी टीवी पर खास फोकस

लास वेगास ,(आरएनएस) । दक्षिण कोरिया की दिग्गज टेक कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अमेरिका के लास वेगास में सीईएस 2025 में होम एआई नाम की एक अत्याधुनिक तकनीक पेश करेगी। यह तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाकर एक बेहद निजी और शानदार अनुभव प्रदान करेगी।

सैमसंग 3,368 वर्ग मीटर का सबसे बड़ा शो रूम लगाएगा, जहां एआई फॉर ऑल थीम के तहत कंपनी की नई तकनीकें और स्मार्ट होम सॉल्यूशन्स को दिखाया जाएगा। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, सैमसंग की होम एआई तकनीक स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के जरिए डिवाइस डेटा को एनालाइज करती है। यह प्लेटफॉर्म वॉशिंग मशीन, टीवी, लैपटॉप और स्मार्टफोन जैसे कई सैमसंग प्रोडक्ट्स में इंटीग्रेट किया गया है। यह तकनीक परिवारों के लिए उनकी जीवनशैली के हिसाब से घर को और सुविधाजनक और व्यक्तिगत बनाती है। सैमसंग का यह कनेक्टेड अनुभव सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे गाड़ियों, जहाजों और व्यापारिक जगहों जैसे अपार्टमेंट, ऑफिस और होटलों तक भी बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने अपने टीवी में स्पोकन सबटाइटल्स फीचर को अपग्रेड किया है, जो खासकर दृष्टिहीन लोगों के लिए कंटेंट को और स्पष्ट करता है।

सैमसंग ने अपना 2025 का फ्लैगशिप नियो क्यूएलईडी 8के टीवी भी पेश किया। इसमें एनक्यू8 एआई जनरेशन 3 प्रोसेसर और अन्य उन्नत तकनीकें दी गई हैं। यह टीवी 8के रिज़ॉल्यूशन पर कंटेंट को बेहतर बनाता है और शानदार रंग, कॉन्ट्रास्ट और ब्राइटनेस देता है।

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से घरेलू शेयर ऊपर आया है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। आज उर्जा शेयरों में तेजी से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी जैसे शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित



बीएसई सेंसेक्स आज 234.12 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी अंत में 91.85 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,707.90 के स्तर पर बंद हुआ। आज स्मॉल-कैप शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आया। टाइटन , अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

## तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

इंदौर (ए.)। भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रूपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है।बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।

## महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

### - अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही

नई दिल्ली (ए.)। महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## होंडा और निसान के विलय

*होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण हैः कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना। कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम हैः कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना।*

*पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं।*

*यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।*

# विमान हादसों से कई तरह के सवाल उठा

**रजनीश कपूर**

***ताजा विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे ज् हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए।***



सन् 2024 के आखिरी सप्ताह में एक के बाद एक कई विमान हादसों की खबर आई। इनमें कई बेक़सूर लोगों ने अपनी जान भी गवाई। परंतु जब भी कोई विमान हादसा होता है संबंधित जाँच विभाग दुर्घटना के कारणों की जाँच में जुट जाते हैं। ज़ाहिर सी बात है कि हादसे के जाँच होना तो लाज़मी है। परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जाँच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक़ लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं

ताज़ा उदाहरण दक्षिण कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर हुए जेजु एयरलाइंस के हादसे का है। इस विमान में 179 यात्रियों और क्रू की दर्दनाक मौत हुई। दक्षिण कोरिया के एविएशन इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा व दर्दनाक हादसा माना जा रहा है। इस हादसे के पीछे पक्षी टकराने का कारण माना जा रहा है। परंतु एविएशन के विशेषज्ञों के मुताबिक़ केवल पक्षी के टकराने से इतना बड़ा हादसा नहीं हो सकता।

ग़ौरतलब है कि जहां-जहां भी एयरपोर्ट बनते हैं वहाँ पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि किसी भी तरह के पक्षियों का बसेरा न बन पाए। एयरपोर्ट की व्यवस्था में जुटे विभाग इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि यदि किसी भी तरह के पक्षी एयरपोर्ट के आसपास दिखाई देते हैं तो वो न सिर्फ़ एटीसी को सावधान करते हैं बल्कि इस बात पर भी ध्यान देते हैं कि पक्षियों को वहाँ से दूर कैसे किया जाए।

जेजु विमान हादसे का वीडियो देखने से यह बात स्पष्ट होती है कि विमान के लैंड होते समय विमान के लैंडिंग गियर खुल नहीं पाए। तेज़ गति के इस विमान को रनवे से फिसलते हुए एक कंक्रीट के ढाँचे में भिड़ते हुए देखा गया, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। दुनिया भर के एविएशन विशेषज्ञों द्वारा एक अन्य कारण पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम को उपयोग में नहीं लाया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे विमानों के डिज़ाइन में एक विशेषता है कि किसी भी आपात स्थिति में यदि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में पायलट के पास एक इमरजेंसी गियर भी होता है जिसकी मदद से विमान के लैंडिंग गियर को खोला जा सकता है।

ऐसा क्या कारण था जो कि इस फ्लाइट के पायलट ने लैंडिंग गियर को नहीं खोल पाया। विमान की बात करें तो इस विमान में भी अन्य विमानों की तरह दो इंजन थे। यदि पक्षी के टकराने से एक इंजन फेल भी हो गया तो भी विमान के पास इतनी पॉवर होती है कि वह उसे सुरक्षित लैंड करवा सके। लेकिन ऐसा क्या हुआ और क्यों हुआ यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा।

इस विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे मुनाफ़ा कमाने की मंशा से एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा से संबंधित किए जाने वाली नियमित जाँच-परख को केवल औपचारिकता के तहत ही कर रहे हैं क्या एयरलाइन के पायलट अपनी निर्धारित ड्यूटी को ही निभा रहे है या तय समय से अधिक, बिना ज़रूरी विश्राम के विमान को उड़ा रहे हैं यदि इनमें से किसी भी एक सवाल का उत्तर हाँ' है तो यह एक गंभीर विषय है जिसे हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए।

भारत की बात करें तो हमें ऐसे अनेकों उदाहरण मिल जाएँगे जहां देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उसके अधीन डीजीसीए किस तरह मामूली सी चूक होने पर किसी एयरलाइन के क्रू को बहुत कड़ी सज़ा देता है और वहीं किसी एयरलाइन की बड़ी-से-बड़ी गलती को भी अनदेखा कर देता है। फिर चाहे वो कोई निर्धारित एयरलाइन कंपनी हो या निजी चार्टर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी।

यदि मंत्रालय के भ्रष्ट अधिकारियों ने मन बना लिया है कि वो क़ानून की धज्जियाँ उड़ा कर उस कंपनी के प्रति अपनी वफ़ादारी साबित करेंगे, तो वे ऐसा ही करेंगे। एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफ़िक 5 गुना बढने की संभावना है। यदि इस क्षेत्र में हमें एक अच्छी पहचान बनानी है तो नागरिक उड्डयन मंत्रालय, डीजीसीए व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।

डीजीसीए के एयर सेफ़्टी डिपार्टमेंट', फ्लाइट स्टेण्डर्ड्स डिपार्टमेंट', एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग' व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट' जैसे विभागों को विमानों की जाँच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा। ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का ख़ौफ़ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।



*उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात की.*

# सिकंदर का मुकद्दर एक उत्कृष्ट कृति

**पंकज दुबे**

निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं। सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है।

अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी ।घर बैठ कर अपनी सुविधा से ओटीटी पर फ़िल्में देखने का ट्रेंड पिछले साल भी अपने परवान पर रहा। फ़िल्मकारों के लिए भी ये ट्रेंड कई मायनों में वरदान साबित हुआ है ।पहले जिस कंटेंट को परदे पर लाने के लिए फ़िल्मकारों को बड़े सितारों का इंतज़ार रहता था, अब उन्हीं कहानियों को बहुत उम्दा कलाकारों की मदद से फ़िल्मों में तब्दील करने की सुविधा बढ़ गई है ।2024 में ओटीटी पर आई सिकंदर का मुकद्दर' ऐसी ही एक कोशिश है। निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं ।सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है ।अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी। अपनी सफल फिल्मों जैसे ए वेडनसडे' और स्पेशल 26' की राह पर चलते हुए, नीरज पांडे ने एक ऐसी कहानी गढ़ी है, जो इंसानी महत्वाकांक्षा, नैतिकता और शक्ति पाने की कीमत पर गहराई से रोशनी डालती है ।सिकंदर का मुकद्दर' उनकी जटिल कहानी बुनने की कला का प्रमाण है, जिसमें अप्रत्याशित मोड़, भावनात्मक गहराई और लगातार बढ़ता तनाव शामिल है, यही उनके निर्देशन को ख़ास बनाता है ।फ़िल्म की कहानी सिकंदर (अविनाश तिवारी) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो एक चालाक और रहस्यमयी मास्टरमाइंड है। वह एक साहसिक डकैती की योजना बनाता है, जो उसका भाग्य हमेशा के लिए बदल सकती है ।एक तेज़ी से बदलते और नैतिक दृष्टि से अस्थिर शहरी परिदृश्य में स्थापित यह कहानी धोखा, विश्वासघात और निराशा की परतों के साथ आगे बढ़ती है ।जिम्मी शेरगिल इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक अनुभवी और ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं। न्याय के प्रति उनकी निष्ठा उनकी ताकत और कमजोरी दोनों है ।जसविंदर को सिकंदर को पकडने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, जिससे एक हाई स्टेक्स चूहे बिल्ली का खेल शुरू होता है ।तमन्ना भाटिया का किरदार कहानी में गहराई लाता है, जो प्यार और वफादारी के बीच संघर्ष करती नजर आती हैं। वहीं दिव्या दत्ता अपने छोटे से ही लेकिन अहम् किरदार में बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन करती हैं ।जैसे जैसे डकैती सामने आती है, वैसे वैसे किरदारों की ज़िंदगियों की निजी वजहें भी खुलने लगती हैं। हाल के दशकों में फ़िल्मों की कहानियों ने वास्तविक जीवन से एक काफ़ी अच्छी सीख ली है। पहले की फ़िल्मों में हीरो सर्वगुण सम्पन्न होते थे। उनमें कोई बुराई नहीं होती थी। लेकिन मौजूदा दौर में कई फिल्में ऐसी आती हैं, जिनका नायक एक संश्लिष्ट किरदार होता है।

इन किरदारों में नायक और खलनायक के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। सिकंदर का मुकद्दर' की सबसे बड़ी ख़ासियत यह है कि यह अपने किरदारों को साधारण अच्छाई या बुराई तक सीमित नहीं रखती ।नीरज पांडे ने ऐसे खामियों वाले पात्र दिखाए हैं, जो एक ऐसे समाज में नैतिकता के तरल स्वरूप को नेविगेट कर रहे हैं, जहां शक्ति की खोज अक्सर विनाशकारी कीमत के साथ आती है ।नीरज पांडे की कहानी कहने की शैली सिकंदर का मुकद्दर' में पूरी तरह से झलकती है। फ़िल्म की शुरुआत एक तेज़ तर्रार दृश्य से होती है, जो फ़िल्म के तनावपूर्ण और अप्रत्याशित माहौल को तुरंत स्थापित करता है ।इसके बाद कहानी धीरे धीरे सामने आती है, जिससे दर्शकों को पात्रों की मनोवैज्ञानिक गहराइयों में उतरने का समय मिलता है, जबकि सस्पेंस लगातार बना रहता है। इस फ़िल्म की पटकथा बेहद सावधानी से तैयार की गई है। हर दृश्य कहानी को आगे बढ़ाने या पात्रों की गहराई को समझाने में योगदान देता है ।संवाद चुभते हैं और कई बार सामाजिक मुद्दों पर दार्शनिक दृष्टिकोण पेश करते हैं, लेकिन यह प्रवचनपूर्ण नहीं लगता ।महत्वाकांक्षा, न्याय और लालच की मानवीय कीमत जैसे विषयों को कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि यह एक साधारण हाइस्ट ड्रामा के बजाय गहरी कहानी बन जाती है ।फिल्म में तनाव लगातार बना रहता है। नीरज पांडे माहौल को प्रभावशाली बनाने के लिए क्लोज़ अप शॉट्स और बैकग्राउंड स्कोर का कुशलता से उपयोग करते हैं ।खासकर डकैती के दृश्य फिल्म की जान हैं। इन्हें तकनीकी सटीकता और भावनात्मक दांव के साथ बखूबी कोरियोग्राफ किया गया है। फिल्म की कास्ट ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सिकंदर का मुकद्दर' को और ऊंचाई पर पहुंचाया है।




मेष राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए, जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई में मन लगाने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। कमर दर्द से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं, आपको समाधान मिलेगा।

कर्क राशि- आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। आज कॉम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर रहेंगे तो जल्द ही आपको सफलता मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढ़ाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। जो लोग किसी एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी में लगे हैं, उनको जल्द ही अच्छा कॉलेज मिलने का योग है।

कन्या राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जाएगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्ते में हो रही परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आयेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है।

मकर राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। आलस छोड़ें और अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाए। निश्चित ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे। राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। घर में मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर देर तक बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे।

# दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

**कमलनाथ**



अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल क़िले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है।

इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है।

एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं।

दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है।

सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं।

हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है।

अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए।

ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज़्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है।

एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट

एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है ।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं।

देशभर में दर्ज हुए 10 हजार से अधिक मामले

देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3त्न की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है। एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। पूरी कांग्रेस पार्टी इन अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और हर दलित भाई-बहन को न्याय दिलाने के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। न्याय की इस लड़ाई में कांग्रेस एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी ।इन सब घटनाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा संविधान की रक्षा के लिए 25 जनवरी 2025 को महू में 'जय भीम-जय संविधान, जय बापू' आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सभी सीडब्ल्यूसी मेंबर समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। दुर्भाग्य की बात है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दलितों पर होने वाले अत्याचार और शोषण को लेकर कुछ भी कहने से बचते हैं। वे दलितों की सुरक्षा करना ही नहीं चाहते। प्रदेश का गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है। मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था लचर होने से दलित आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं।



# महाकुंभ 2025: प्रयागराज में दवाई की नो टेंशन! अब 'दवा दोस्त' पर 80 फीसदी कम कीमत पर मिलेगी दवाइयां




नई दिल्ली (ए.)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर के साथ की जा रही है। यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की व्यवस्था की जा रही है। कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य को देखते हुए प्रयागराज में 80 फीसदी तक डिस्काउंट पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भारतीय रेलवे के लखनऊ मंडल ने यह पहल शुरू की है।

13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले पर्यटकों और रेल यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के लिए यह पहल की गई है। प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर 'दवा दोस्त' नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है।

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने अपने एक बयान में कहा कि, महाकुंभ के दौरान प्रयाग आने वाले पर्यटकों और रेल यात्रियों के लिए इन दुकानों पर आवश्यक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके तहत मंडल के प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज संगम स्टेशनों पर %दवा दोस्त% नाम से दवा की दुकान शुरू की गई है।

रेलवे ने बयान में कहा कि, प्रयागराज महाकुंभ मेले में हजारों भक्तों, ऋषियों और संतों के शामिल होने की उम्मीद है। एक महीने से ज्यादा समय तक चलने वाले इस मेले के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बीमारी की स्थिति में यात्रियों को कहीं और नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें स्टेशन पर ही अपनी जरूरत की दवाइयां किफायती दामों पर मिल जाएंगी। इसलिए सेवा शुरु की जाएगी। यात्री सेवा के तहत, उन्हें बेहतरीन गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में डिवीजन द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ होगा।

## खुशखबरी: महिलाओं के खातों में सरकार ने भेजे 2500 रुपए

रांची (आरएनएस)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य की 56 लाख से भी अधिक महिलाओं के बैंक अकाउंट में 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत दिसंबर महीने की किस्त के रूप में ढाई-ढाई हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर रांची के नामकुम खोजाटोली ग्राउंड में एक वृहद् कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पूरे राज्य से करीब दो लाख महिलाएं मौजूद रहीं। सीएम सोरेन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, यह राशि आपको आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार ने चुनाव के पहले जो संकल्प लिया था, उसे पूरा करते हुए आज हमें बेहद खुशी हो रही है।



*प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की.*

## पेड़ काटने के दौरान आरा मशीन की प्लेट गिरने से मजदूर की दर्दनाक मौत

सीतापुर , (आरएनएस)। जिले के कोतवाली महमूदाबाद के भेतरा गांव में एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। यूकेलिप्टिस का पेड़ काटते समय इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन की प्लेट टूटकर मजदूर की गर्दन पर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर हालत गंभीर हो गई।

मृतक आशीष, जो बाचिलपुर गांव का रहने वाला था, ठेकेदार के बुलावे पर 16 मजदूरों की टीम के साथ यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने गया था। काम के दौरान मशीन की प्लेट टूटकर आशीष की गर्दन पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अस्पताल ले जाते समय हुई मौत**

हादसे के तुरंत बाद आशीष को महमूदाबाद सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही आशीष ने दम तोड़ दिया।इस हादसे के बाद आशीष के परिजनों में कोहराम मच गया। 20 वर्षीय आशीष अपने परिवार का सहारा था, और उसकी इस तरह हुई मौत से परिवार सदमे में है।

## *गंगासागर मेला :* ममता की बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में निगरानी तंत्र बिठाने की मांग, महाकुंभ पर सरकार को घेरा



कोलकाता (ए.)। बांग्लादेश में जारी संकट के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को बॉर्डर से सटे इलाके में जमीन, हवाई और जलीय मार्ग पर निगरानी तंत्र बिठाने की बात कही है। सीएम ने गंगासागर मेला के मद्देनजर मेले के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल को सागर द्वीप और कोलकाता की सड़कों की तरफ तैनात किया गया है। कई राज्य संचालित कार्यक्रमों का उद्घाटन करने के दौरान उन्होंने कहा कि 10 मंत्रियों की तैनाती होगी। उनमें से चार से पांच मंत्रियों को साग द्वीप भेजा जाएगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, "हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वार्षिक मेले के दौरान कोई परेशानी न हो। कड़ी निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। मैंने नौसेना से इसके बारे में बात की। तटरक्षकों को इसकी जनकारी दे दी गई है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दूसरी तरफ से (बांग्लादेश) कोई परेशानी न हो।" उन्होंने आगे कहा, "इसके लिए 10 मंत्रियों की तैनाती होगी। उनमें से चार से पांच मंत्रियों को साग द्वीप भेजा जाएगा। वहीं बाकी के अन्य मंत्रियों को महत्वपूर्ण स्थानों पर भेजा जाएगा।

## सीएम संग आला अफसरों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

दंतेवाड़ा-रायपुर, (आरएनएस)। दंतेवाड़ा में सीएम साय ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बीजापुर से जॉइंट पार्टी ऑपरेशन से लौट रही थी। अंबेली गांव के पास दोपहर करीब सवा 2 बजे नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया। यह बीते दो साल में राज्य में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों का सबसे बड़ा और 2025 का पहला हमला है। विस्फोट इतना भीषण था कि सड़क पर 10 से 12 फीट का गड्ढा हो गया। जिस गाड़ी में जवान सवार थे, उसके परखच्चे उड़ गए और उसके हिस्से 400 मीटर के दायरे में बिखर गए। कुछ हिस्से 30 फीट ऊंचे पेड़ पर जा लटके। जवानों के शव भी क्षति-विक्षत हो गए। बता दें कि दिसंबर में पुलिस ने संयुक्त रूप से अबूझमाड़ में 2 बड़े ऑपरेशन लॉन्च किए थे, जिनमें जवानों को सफलता भी मिली।

## पति को ढूंढते-ढूंढते बैंक पहुंची पत्नी, बैंक मैनेजर पति हुआ फरार

बलिया (आरएनएस)। जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां अलीगढ़ से अपने पति को ढूंढते-ढूंढते एक महिला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कैथोवली पहुंची। जैसे ही पत्नी बैंक में पहुंची, वहां काम कर रहे बैंक मैनेजर पति ने उसे देखकर बैंक छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया।

पति के अचानक भाग जाने के बाद बैंक में पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पीड़ित पत्नी ने बताया कि उनका रिश्ता 10-12 वर्षों से चल रहा था और 2023 में दोनों ने शादी की थी। अलीगढ़ में उनके पति को उससे प्यार हुआ था, लेकिन शादी के बाद से पति का व्यवहार बदल गया और वह उसे छोड़कर बलिया आ गया। घटना के बाद सेंट्रल बैंक का मेन गेट देर शाम तक खुला रहा, जहां बड़ी संख्या में लोग तमाशबीन बनकर घटना को देखते रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझाने का प्रयास किया और उसे थाने ले गई। हालांकि, पुलिस ने महिला को उसके फरार पति के पास नहीं भेजा। इस घटना ने बैंक परिसर में हाई वोल्टेज ड्रामे का माहौल बना दिया। घटना के दौरान बैंक के अन्य कर्मचारी भी स्थिति को संभालने में असमर्थ नजर आए। लोगों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

# विविध-समाचार

## कटरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

कटरा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कटरा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने मंगलवार को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र 55 साल थी। उन्होंने अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मारी है। मृतक जवान बिहार के पटना का रहने वाला था।दरअसल, मृतक जवान का नाम राजनाथ प्रसाद पुत्र लेफ्टिनेंट माधव मिस्त्री है, जो वर्तमान में कटरा स्थित 6वीं सीआरपीएफ बटालियन में तैनात था। 55 वर्षीय एएसआई ने कथित तौर पर खुद को सर्विस राइफल से गोली मार ली।इस घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी घायल एएसआई को लेकर कटरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन सीने के पास गोली लगने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल सीआरपीएफ ने मामले में जांच शुरू कर दी है। साथ ही मौत के सही कारणों का पता लगा जा रहा है कि आखिर राजनाथ प्रसाद ने खुदकुशी क्यों की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी अलग-अलग जगहों पर जवानों से जुड़े आत्महत्या के मामले सामने आ चुके हैं।

## तुमकुर में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर मौत

तुमकुर (आरएनएस)। तुमकुर में मंगलवार सुबह जिला मुख्यालय शहर के ओबालापुर गेट के पास मंगलवार सुबह एक बाइक और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक अशोक मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। यह घटना मधुगिरी तालुक के कोराटागेरे रोड पर ओबालापुरा गेट के पास हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद आसिफ (12), मुमताज (38) और शाकिर हुसैन (48) के रूप में हुई है। ये सभी मधुगिरी तालुक के गुड्डेनहल्ली गांव के निवासी रहने वाले थे। तीनों व्यक्ति बाइक पर यात्रा कर रहे थे। तभी बाइक और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर ही बाइक सवार तीनों लोगों को मौत हो गई। दुर्घटना के संबंध में कोरा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि हाल ही में कर्नाटक में जिले के हुलाकोटी गांव के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी। कार अचानक अनियंत्रित हो गई और हुलाकोटी गांव के पास डिवाइडर से जा टकराई थी। इस हादसे में दो लोगों की मौत गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाएगी सरकार, पीएम मोदी से मिलीं शर्मिष्ठा मुखर्जी



नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने का फैसला किया है। पूर्व राष्ट्रपति का स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर (राजघाट परिसर का एक हिस्सा) के भीतर एक स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी भी दे दी है।

**बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर दी जानकारी**

बता दें कि, इसकी जानकारी लेखक और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दी है। उन्होंने लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित लेकिन सचमुच दयालु भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं।'

**'राजकीय सम्मान के लिए मांग नहीं करनी चाहिए'**

अपने दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- बाबा कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए मांग नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे पेश करना चाहिए। मैं बहुत आभारी हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद में ऐसा किया। इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अब कहां हैं- सिर्फ तारीफ या आलोचना से परे। लेकिन उनकी बेटी के लिए, मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

**भारत के 13वें राष्ट्रपति का सम्मान**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी का जन्म 11 दिसंबर 1935 में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुआ था। वे भारत के 13वें राष्ट्रपति पद पर साल 2012 से 2017 तक थे। प्रणब मुखर्जी पश्चिम बंगाल से राष्ट्रपति पद पर पहुंचने वाले पहले शख्स थे। 31 अगस्त, 2020 को 84 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था।

## कच्छ में 540 फीट गहरे बोरवेल में गिरी 18 साल की किशोरी की मौत; 33 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया था

गांधीनगर (ए.)। गुजरात के कच्छ जिले में गहरे बोरवेल में गिरी 18 वर्षीय लड़की को मंगलवार को बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। कई एजेंसियों की 33 घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे हुई। उन्होंने कहा कि किशोरी 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई थी।



अधिकारियों ने कहा कि बोरवेल का व्यास एक फुट था और चूंकि वह बड़ी थी और उसमें गहराई तक फंसी हुई थी, इसलिए बचाव कार्य मुश्किल हो गया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने एक अपडेट में कहा कि पीड़िता 490 फीट की गहराई पर फंसी हुई थी। बचाव के कई प्रयासों के बाद पीड़िता को बोरवेल से निकाल लिया गया है। पीड़िता बेहोश है और उसे आगे के इलाज के लिए एम्बुलेंस में ले जाया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि लड़की को पास के एक अस्पताल में ले जाया गया। भुज नगर पालिका के अग्निशमन विभाग के कर्मियों, स्थानीय आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमें बचाव अभियान में लगी हुई थीं। किशोरी राजस्थान के प्रवासी मजदूरों के परिवार से थी।

## नोएडा : गारमेंट शॉप में लगी भीषण आग, पत्नी की हुई मौत, पति की हालत गंभीर

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा में 7 जनवरी को तड़के सुबह एक गारमेंट शॉप में भीषण आग लग गई। इसी शॉप के अंदर सो रहे पति-पत्नी आग की चपेट में आ गए। जिसके चलते पत्नी की आग से झुलसने के कारण मौत हो गई और पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जनवरी को थाना सेक्टर 63 क्षेत्रान्तर्गत ग्राम छिजारसी मेन रोड पर बनी के एस क्लॉथ हाउस एंड रेडीमेड गारमेंट्स दुकान के प्रथम तल पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर फायर सर्विस यूनिट की 4 गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुई और आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है।पुलिस के मुताबिक इस दुकान में सो रहे पति-पत्नी में से पत्नी विनीता (35) की धुएं में फंसे रहने के कारण मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि पति अभी सुरक्षित है। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि फायर कर्मचारी को अंदर जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।




उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित मीडिया सेंटर में महाकुंभ 2025 की तैयारियों की झलकियां.

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुली, ऑटो-टैक्सी ड्राइवर को देना होगा इतना चार्ज, रेलमंत्री ने दी राहत



नई दिल्ली केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार सुबह नई रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ऑटो रिक्शा चालकों और कुलियों से बातचीत की, उनकी शिकायतें सुनीं और उनके काम की स्थिति में सुधार के लिए समाधान का वादा किया। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कुलियों और ऑटो रिक्शा चालकों को माला पहनाई। रेल मंत्री ने ऑटो रिक्शा चालकों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं का समाधान किया जाएगा। वैष्णव ने पार्किंग शुल्क को आधा करने और कठोर सर्दियों और मानसून के दौरान आश्रय प्रदान करने के लिए स्टेशन पर एक आराम घर बनाने का वादा किया।


केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद ऑटो ड्राइवरों से चर्चा करते हुए घोषणा भी की। रेल मंत्री ने कहा, यदि ऑटो ड्राइवरों को किसी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे 9717633061 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस नंबर पर उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा रेल मंत्री ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग शुल्क में भी बड़ी राहत देने की घोषणा की है। टैक्सी वालों के लिए पहले 1200 रुपये शुल्क था, लेकिन अब 400 रुपये देना होगा, वहीं ऑटो ड्राइवरों को पहले 700 रुपये देने पड़ते थे, लेकिन अब सिर्फ 200 रुपये देना होगा।

रेल मंत्री ने यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए कुछ और महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने बताया कि सर्दी और बारिश से बचने के लिए आराम घर बनाए जाएंगे। साथ ही रेलवे के कुलियों के लिए 50 से ज्यादा रेस्ट रूम भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल फैसिलिटी को बेहतर किया जाएगा और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। रेलवे स्कूलों में कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी। रेल मंत्री ने कहा कि, रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुलियों और यात्रियों दोनों का ध्यान समान रूप से रखा जाएगा। उनका कहना था कि ये बदलाव और सुविधाएं उनके काम को और बेहतर बनाने के लिए किए गए हैं ताकि सभी को ज्यादा सुविधाएं मिलें और वे बिना किसी परेशानी के अपनी सेवा दे सकें।

## 33 हजार से अधिक लोगों ने उठाया मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हर परिवार के बुजुर्ग चाहते हैं कि वह जीवन में तीर्थयात्रा अवश्य करें। कईबार आर्थिक तंगी के कारण कई बुजुर्गों का यह सपना पूरा नहीं होता लेकिन पंजाब सरकार ने ऐसे ही बुजुर्गों की इच्छा पूरी करने के लिएशानदार योजना शुरू की।इस योजना का नाम है मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना। योजना के तहत पंजाब के बुजुर्गों सहित सभी नागरिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाने के साथ-साथ उनके सपनों को भी पूरा किया जा रा है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना बेहद आसान है।

# 'पुष्पा' के आइटम डांस से मशहूर हुई श्रीलीला ने किसको लगाया गले? हीरो से क्या है कनेक्शन?



अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम डांस के जरिए साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला देश भर में मशहूर हो गईं। हाल ही में वह मुंबई में नजर आईं। उन्हें बॉलीवुड के एक फेमस स्टार किड को गले लगाते हुए देखा गया। कौन है वो स्टार किड? और क्या है श्रीलीला का उससे कनेक्शन, जानिए?

श्रीलीला ने अपने फिल्म करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों के जरिए की, वह कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं। साल 2024 में वह अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम सॉन्ग 'किसिक' में नजर आईं। यह गाना काफी हिट हुआ। श्रीलीला की सोशल मीडिया पर भी पॉपुलैरिटी काफी बढ़ गई है। हाल ही में इस साउथ एक्ट्रेस को मुंबई में देखा गया। साथ ही वह एक बॉलीवुड स्टार किड के साथ देखी गईं, जिसे श्रीलीला ने पब्लिक प्लेस में ही गले लगा लिया।

**क्या है स्टार किड से नाता**

साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला ने जिस बॉलीवुड स्टार किड को गले लगाया, वह सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान हैं। इन्हीं के साथ श्रीलीला को देखा गया है। दोनों एक बिल्डिंग से बाहर निकले, इब्राहिम को श्रीलीला ने पहले गले लगाया, फिर श्रीलीला को इब्राहिम ने गाड़ी में बिठाया। यह सब कुछ पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया।

**साथ में करेंगे अगली फिल्म**

श्रीलीला और इब्राहिम अली खान साथ में एक फिल्म कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'दिलेर' बताया जा रहा है। फिल्म में श्रीलीला, इब्राहिम की हीरोइन बनेंगी। श्रीलीला और इब्राहिम अली की इस मुलाकात में, इब्राहिम के हाथ में एक स्क्रिप्ट भी देखी गई। जो कि उनकी अगली फिल्म की हो सकती है।

**श्रीलीला ने फोटोशूट भी करवाया**

इब्राहिम अली खान के साथ मीटिंग करने के बाद श्रीलीला ने पैपराजी को फोटो भी दिए, फोटोशूट करवाया। इस मौके पर उनकी मम्मी भी साथ नजर



आईं। श्रीलीला बहुत ही सिंपल लुक में नजर आईं, लेकिन वह काफी खूबसूरत दिख रही थीं।

**इब्राहिम की डेब्यू फिल्म 'सरजमीन' है**

श्रीलीला के साथ तो इब्राहिम एक फिल्म कर ही रहे हैं, लेकिन यह उनकी डेब्यू फिल्म नहीं होगी। इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'सरजमीन' होगी, इसमें काजोल भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज हो सकती है।

## बॉक्स ऑफिसः बेबी जॉन की कमाई में मामूली बढ़त, 12वें दिन रहा ऐसा हाल

अभिनेता वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन रिलीज के पहले ही दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दर्शकों ने इसे साफ नकार दिया है।आलम यह है कि केवल 10 दिन में इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई। हालांकि, वीकेंड पर बेबी जॉन के कारोबार में मामूली बढ़त देखने को मिली है।आइए बताते हैं 12वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे रविवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.60 करोड़ रुपये हो गया है।यह फिल्म सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। इसका बजट 180 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अब तक अपनी आधी लागत भी नहीं निकाल पाई।दुनियाभर में यह अब तक 57 करोड़ रुपये से अधिक कमा पाई है।बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निर्माता हैं। ये थलापति विजय की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।

## इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में खूब जंच रहीं कंगना रनौत



कंगना रनौत स्टारर पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट नजदीक आ रही है. फिल्म इमरजेंसी मौजूदा महीने में ही रिलीज होने जा रही है. कई बार विरोध झेलने के बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है. अब जब फिल्म आने वाले दस दिनों में रिलीज होने जा रही है तो फिल्म इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है. कंगना रनौत ने अपनी मचअवेटेड फिल्म इमरजेंसी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है.

कंगना रनौत ने इससे पहले बीते साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज किया था. वहीं, फिल्म आगामी 17 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. ऐसे में फिल्म इमरजेंसी का ट्रेलर एक बार फिर रिलीज किया गया है.

ट्रेलर की शुरुआत अनुपम खेर के जयप्रकाश नायारण रोल से होती है, जोकि जेल से तत्कालीन प्रधानमंत्री को एक पत्र लिख रहे हैं. इस सीन के बाद कंगना रनौत की बतौर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी के रोल में एंट्री होती है, जोकि अपने पीएमओ ऑफिस में बैठी हैं, जहां वह कहती हैं कि मैं ही कैबिनेट हूं, इसके बाद ताबड़तोड़ गोलियां की आवाज और जनता व पुलिस की झड़प, वहीं, इसके बाद साल 1971 के युद्ध का एलान होता है और फिर दुश्मन और इंडियन आर्मी की जंग के विजुअल्स दिखाए जाते हैं, वहीं, इस सीन में एक्टर मिलिंद सोमन को सैम मानेकशॉ के रोल में देखा जाता है. ट्रेलर का अंत इंदिरा इज इंडिया से होता है.

बता दें, फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, महिला चौधरी और विशाक नायर अहम पॉलिटिकल लीडर्स के रोल में हैं. इस फिल्म का निर्देशन खुद कंगना रनौत ने किया है. फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होने जा रही है. बता दें, कंगना रनौत बीते 9 सालों से बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप चल रही हैं और इस फिल्म से उन्हें बड़ी उम्मीद है. कंगना रनौत अब एक पॉलिटिकल लीडर भी हैं. बीते लोकसभा चुनाव 2024 में वह हिमाचल की मंडी सीट से बतौर बीजेपी कैंडिडेट चुनाव जीती हैं.




## हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडएस रवि कुमार का पहला गाना दिल के ताज महल में जारी

गायक और अभिनेता हिमेश रेशमिया मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म बैडएस रवि कुमार को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में कोरियोग्राफर और अभिनेता प्रभु देवा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने बैडएस रवि कुमार का पहला गाना दिल के ताज महल में जारी कर दिया है, जिसमें हिमेश और प्रभु देवा डांस करते हुए नजर आ रहे हैं।दिल के ताज महल में गाने को हिमेश ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं।इस हाई-ऑक्टेन एक्शन म्यूजिकल फिल्म का निर्देशन कीथ गोम्स कर रहे हैं। हिमेश खुद इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। बता दें हिमेश लंबे अंतराल के बाद अभिनय की दुनिया में लौट रहे हैं। पिछली बार फिल्म हैप्पी हार्डी एंड हीर (2020) में नजर आए थे।

# बंदिश बैंडिट्स की अभिनेत्री श्रेया ने कहा, नसीरुद्दीन शाह की प्रतिक्रिया मेरे लिए बड़ा पुरस्कार



बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 के प्रमुख किरदारों में से एक अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने कहा कि दिग्गज स्टार नसीरुद्दीन शाह की प्रतिक्रिया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

पंडित जी का किरदार निभाने वाले नसीरुद्दीन शाह के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए श्रेया ने कहा, नसीरुद्दीन सर मेरी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत हैं। मैंने सीजन एक में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं भाग्यशाली थी कि मुझे उन्हें देखने और उनके साथ काम करने का मौका मिला।

अभिनेत्री ने कहा,सीजन 2 देखने के बाद सर से संदेश मिलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। प्रदर्शन के लिए उनकी प्रतिक्रिया और प्रशंसा मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। यह बहुत संतुष्टिदायक और आश्वस्त करने वाला है, और मुझे यह एहसास दिलाता है कि एक कलाकार के तौर पर मैं तैयार हो रही हूं।म्यूजिक सीरीज बंदिश बैंडिट्स में नए कलाकार ऋत्विक भौमिक ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार राधे राठौड़ की भूमिका निभाई है और श्रेया चौधरी इसमें पॉप गायिका तमन्ना शर्मा की भूमिका निभा रही हैं।

इसमें संगीत एक अनुशासन बनाम मुक्ति का साधन होने की बहस की पड़ताल करता है। इस सीरीज में अर्जुन रामपाल, शीबा चड्ढा और अतुल कुलकर्णी जैसे कई अन्य नाम भी शामिल हैं। उन्होंने फिल्म निर्माता इम्तियाज अली को यह विश्वास दिलाने का श्रेय दिया था कि वह एक कलाकार बन सकती हैं।इम्तियाज अली की लघु फिल्म द अदर वे में श्रेया ने कहा, इम्तियाज सर ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं एक कलाकार बन सकती हूं, और उनके साथ काम करने से मेरा यह सपना और मजबूत हुआ। अब मैं बड़ा सपना देख सकती हूं और इस पेशे को अपना सकती हूं।उन्होंने कहा, मैं इम्तियाज सर के साथ काम करने के अनुभव को हमेशा संजो कर रखूंगी, क्योंकि उनके साथ काम करते हुए मैंने जो कुछ सीखा है, वह वाकई खास है।

मैं बस अपनी उंगलियां क्रॉस करके इंतजार कर रही हूं कि मैं अपनी जिंदगी में एक बार इम्तियाज अली की हीरोइन बनूं।श्रेया 2025 में अभिनेता बोमन ईरानी की निर्देशन वाली पहली बहुप्रतीक्षित फिल्म द मेहता बॉयज में अविनाश तिवारी के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म एक पिता-पुत्र की जोड़ी की कहानी है।

## बर्थडे पर फैंस को बिग सरप्राइज देंगे केजीएफ स्टार यश, फिल्म टॉक्सिक से छोड़ा नया डैशिंग पोस्टर

रॉकिंग स्टारर यश ने अपनी अगली मोस्ट अवेटेड फिल्म टॉक्सिक की तैयारी में जुट गए हैं. यश ने अपनी केजीएफ फ्रेंचाइजी से वर्ल्डवाइड खूब पॉपुलैरिटी बटोर ली है. इसके बाद से यश के फैंस को उनकी अगली फिल्म



टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार है. यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक आगामी महीनों में ही रिलीज होने जा रही है. बीते साल फिल्म टॉक्सिक का एलान किया गया था और फिल्म से एक टीजर छोड़ा गया था. इसके बाद से यश के फैंस को फिल्म टॉक्सिक की अगली अपडेट का इंतजार है, जो अब बहुत जल्द फैंस को तोहफा मिलने जा रहा है. यश ने आज 6 जनवरी को अपनी फैंस को फिल्म टॉक्सिक से नया सरप्राइजिंग अपडेट दिया है. वहीं, यश 8 जनवरी को अपने 39वें बर्थडे पर फैंस को बड़ा सरप्राइज देंगे.यश ने अपनी फिल्म टॉक्सिक से नए अपडेट में नई तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह एक विंटेज कार के पास टॉपी लगाए स्मोकिंग करते दिख रहे हैं. इस पोस्टर में यश का लुक देखते ही बन रहा है. इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, उसे मुक्त कर रहा हूं... बस इस यश ने अपने फैंस के लिए यही सरप्राइज छोड़ा है और कहा है 8 जनवरी की सुबह 10.25 पर मिलते हैं.टॉक्सिक एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है, जिसमें यश अलग ही अवतार में नजर आने वाले हैं.

# सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए जानिए ठंड में क्यों आती है ज्यादा नींद!

ऑफिस हो या फिर घर सर्दियों में हर जगह लोगों को नींद बहुत आती है. सर्दियों में दिन छोटे होते हैं और रातें लंबी होती है. इसके बाद भी ऐसा लगता है कि नींद पूरी नहीं हुई है. क्या आपको पता है सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए या फिर ठंड में क्यों ज्यादा नींद आती है महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेंज के साइकेट्रिस्ट डॉ. हर्षल साठे बताते हैं गर्मी के दिनों की तुलना में ठंड में लोग डेढ़ से दो घंटे अधिक सोते हैं. दिन का उजाला और रात का अंधेरा नींद के पैटर्न को प्रभावित करते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### हार्मोनल बदलाव की वजह से आती है नींद



हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक जब हम प्रकाश के संपर्क में आते हैं तो ब्रेन का खास एरिया एक्टिव होता है. इससे मेलाटोनिन हार्मोन और शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल होता है. हमारा शरीर मेलाटोनिन नाम का एक स्लीप हार्मोन बनाता है. जब सूर्यास्त होता है और अंधेरा धीरे-धीरे बढ़ने लगता है तो मेलाटोनिन का लेवल बढ़ने लगता है. इसका मतलब होता है कि अब सोने का समय हो गया है. सुबह में जब सूर्य की रोशनी बढ़ने लगती है तो मेलाटोनिन लेवल भी घटने लगता है. यह सिग्नल होता है कि अब उठने का समय हो गया है.

तापमान में बदलाव भी जिम्मेदार

सर्दियों में तापमान कम होता है इसलिए नींद अधिक आती है जबकि गर्मियों में नींद कम आती है. इसका कारण यह है कि गर्मियों में हमारा ब्रेन ज्यादा एक्टिव रहता है जबकि ठंड के दिनों में ब्रेन कम एक्टिव रहता है. इससे नींद पर असर पड़ता है. ब्रेन के कम एक्टिव रहने पर न्यूरो ट्रांसमीटर्स की सक्रियता भी घट जाती है.

### सर्दी में कितने घंटे सोना चाहिए

गर्मियों में लोग एवरेज 6-7 घंटे सोते हैं लेकिन ठंड के दिनों में लोग 2 से 2.5 घंटे ज्यादा सोते हैं. सर्दियों में शरीर को हेल्दी रखने के लिए एक वयस्क व्यक्ति को सर्दी के मौसम में 7-10 घंटे की नींद लेना चाहिए.

### सर्दियों में क्यों होता है मूड स्वींग

रिपोर्ट के मुताबिक ठंड के दिनों में सूर्य की रोशनी कम होने से शरीर के इंटरनल बॉडी क्लॉक पर निगेटिव असर पड़ता है. सूर्य की रोशनी कम होने से सेरोटोनिन लेवल भी घट जाता है. सेरोटोनिन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है जिसके घटने-बढ़ने से हमारा मूड बदलता है.

### विटामिन डी और फिजिकल एक्टिविटी कम होना

सूरज की रोशनी से विटामिन-डी बनता है. विटामिन-डी एनर्जी के लेवल को बनाए रखने में मदद करता है. सर्दियों में सूरज की रोशनी कम मिलने के कारण विटामिन-डी की कमी हो सकती है, जिससे थकान और नींद आती है. सर्दियों में लोग कम बाहर निकलते हैं और फिजिकल एक्टिविटीज भी कम करते हैं. इससे शरीर कम थकता है और नींद ज्यादा आती है.

## सोनू सूद की फतेह का दूसरा एक्शन पैक्ड ट्रेलर रिलीज, सलमान खान-महेश बाबू ने किया लॉन्च

सोनू सूद की अपकमिंग फिल्म 'फतेह' का पहला ट्रेलर दिसंबर में रिलीज हुआ था और इसने प्रशंसकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. अब सोनू ने फैंस की खुशी दोगुनी करते हुए अफनी फिल्म का दूसरा ट्रेलर कर दिया है. आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और पैन इंडिया स्टार महेश बाबू ने रिलीज किया है. इन दिग्गजों ने अपने सोशल मीडिया पर फतेह का दूसरा ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज किया जिसने फिर से फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है.

सोनू सूद और महेश बाबू ने 2005 की तेलुगु एक्शन हिट 'अथाडु' में साथ काम किया था. इसी तरह, 'दबंग' में सलमान खान और सोनू सूद की जोड़ी ने सबका दिल जीत लिया था. सलमान खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फतेह ट्रेलर 2 का लिंक शेयर किया. उन्होंने इसे फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर किया जिसमें सोनू सूद का खून से लथपथ चेहरा दिखाई दे रहा है. सलमान ने ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, आपकी फिल्म के लिए शुभकामनाएं सोनू सूद.

# चेहरे पर दिखने लगता है तनाव का असर, इन 5 संकेतों से पहचाने



तनाव का असर केवल हमारे मन पर नहीं, बल्कि चेहरे पर भी साफ दिखाई देता है। यह लेख उन संकेतों को समझने में मदद करेगा, जो तनाव के कारण आपके चेहरे पर उभर सकते हैं। चाहे आप महिला हों या पुरुष, इन संकेतों को पहचानकर आप समय रहते अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकते हैं। चेहरे पर तनाव के संकेतों को जानना जरूरी है ताकि आप सही समय पर उपाय कर सकें और अपनी सेहत को बेहतर बना सकें।

### आंखों के नीचे काले घेरे होना

आंखों के नीचे काले घेरे अक्सर नींद की कमी और तनाव का नतीजा होते हैं। तनाव में हमारी नींद प्रभावित होती है, जिससे ये घेरे बन जाते हैं। यह आपकी सुंदरता के साथ स्वास्थ्य की स्थिति को भी दर्शाता है। इसे कम करने के लिए पर्याप्त नींद लेना और आरामदायक दिनचर्या अपनाना जरूरी है। ठंडे पानी से चेहरा धोना और खीरे के टुकड़े आंखों पर रखना भी फायदेमंद हो सकता है।

### त्वचा पर रूखापन बढ़ना

तनाव का एक अन्य प्रमुख संकेत त्वचा का रूखापन होता है। जब हम मानसिक दबाव में होते हैं, तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे त्वचा सूखी और बेजान लगने लगती है।इस समस्या से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए और मॉइस्चराइजर का उपयोग करना चाहिए ताकि त्वचा हाइड्रेटेड रहे। इसके अलावा संतुलित आहार लेना भी जरूरी होता है, जिसमें विटामिन्स और मिनरल्स शामिल हों, जो त्वचा को पोषण प्रदान करें।

### चेहरे पर मुंहासों का बढ़ते जाना

तनावग्रस्त होने पर हार्मोनल बदलाव होते हैं, जो मुंहासे या पिंपल्स पैदा कर सकते हैं। यह समस्या खासकर युवाओं में अधिक देखी जाती है क्योंकि उनकी त्वचा संवेदनशील होती है।

इससे बचने के लिए नियमित रूप से चेहरा साफ करना चाहिए और तैलीय खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए, जो इस समस्या को बढ़ा सकते हैं।साथ ही योग या मेडिटेशन जैसी तकनीकों का सहारा लेकर मानसिक शांति प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे तनाव कम हो सकेगा।

### झुर्रियों का बढ़ना

झुर्रियों का जल्दी आना तनाव का संकेत हो सकता है क्योंकि चिंता के समय मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं, जिससे झुर्रियां बनती हैं। इसे रोकने के लिए चेहरे की मालिश करें, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। एंटी-एजिंग क्रीम या सीरम का उपयोग भी मददगार हो सकता है।सबसे अहम यह है कि खुद को मानसिक रूप से शांत रखने की कोशिश करें ताकि झुर्रियां जल्दी न आएं।

### होंठों पर सूखापन आना

तनावग्रस्त होने पर होंठ सूखे दिख सकते हैं क्योंकि शरीर में पानी की कमी होती रहती है, जिसके कारण होंठ फट जाते हैं।इसे ठीक करने के लिए लिप बाम या नारियल तेल जैसे प्राकृतिक उत्पाद इस्तेमाल किए जा सकते हैं। साथ ही ज्यादा मात्रा मे तरल पदार्थ लें ताकि शरीर हाइड्रेटेड रह सके। ध्यान रखें कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर आप इन समस्याओं से निजात पा सकते हैं।

## डेविड वॉर्नर को न खरीदकर पछता रही होगी आईपीएल टीमें, बीबीएल के हर मैच में ढा रहे कहर

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) के लिए जब मेगा ऑक्शन का आयोजन हुआ तो सभी 10 टीमों ने डेविड वॉर्नर को खारिज कर दिया. शायद सभी टीमों की ये सोच रही होगी कि 38 साल के हो चुके वॉर्नर आईपीएल के लिए फिट न हो. लेकिन वॉर्नर आईपीएल में अनसोल्ड रहने के बाद भी मायूस नहीं हैं वे पीएसएल 2025 में नजर आने वाले हैं वहीं फिलहाल बीबीएल में अपने प्रदर्शन से सभी को चकित कर रहे हैं।

आईपीएल की तरह बीबीएल भी एक बड़ी और प्रतिष्ठित लीग है. ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली इस लीग के मौजूदा सीजन में डेविड वॉर्नर सिडनी थंडर की तरफ से खेल रहे हैं. वॉर्नर के प्रदर्शन को देखने से ऐसा लगता ही नहीं कि वे 38 साल के हो चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं. उनके प्रदर्शन में एक युवा की भूख दिखती है. मौजूदा समय में लीग के वे तीसरे टॉप स्कोरर हैं. 6 मैचों की 6 पारियों में 2 अर्धशतक लगाते हुए 45.60 की औसत और 146 से उपर की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाए हैं।

वॉर्नर के बीबीएल में प्रदर्शन को देखते हुए आईपीएल की सभी 10 टीमें निश्चित रुप से अफसोस कर रही होंगी. वॉर्नर फिट हैं, रन बना रहे हैं और अगर वे अपनी फिटनेस बरकरार रख पाते हैं तो अगले 2-3 साल खेल सकते हैं जैसे की फाफ डू प्लेसिस खेल रहे हैं. ऐसे में वॉर्नर को न जोड़ना सभी के लिए एक नुकसानदायक फैसला साबित हो सकता है।

डेविड वॉर्नर का आईपीएल का रिकॉर्ड शानदार रहा है. वे लीग के इतिहास के चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं. 2009 से 2024 के बीच 184 मैचों की 184 पारियों में 22 बार नाबाद रहते हुए 4 शतक और 62 अर्धशतक लगाते हुए 40 से उपर की औसत और 139 से उपर की स्ट्राइक रेट से उनके नाम 6565 रन दर्ज हैं। इस रिकॉर्ड के बाद भी उनका न असोल्ड रहना हैरानी वाला था।

## किर्गियोस 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में लौटे

मेलबर्न, (आरएनएस)। निक किर्गियोस पांच साल से अधिक समय में पहली बार ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 29 वर्षीय निक को 31 जनवरी और 1 फरवरी को स्वीडन के स्टॉकहोम में होने वाले क्वालीफाइंग मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है।

नवंबर 2019 के बाद से किर्गियोस की यह पहली विश्व टीम प्रतियोगिता होगी, जब उन्होंने नवंबर के फाइनल में बेल्जियम के स्टीव डार्सिस और चिली के एलेजांद्रो गोंजालेज को हराया था।

वर्ल्ड नंबर 8 एलेक्स डी मिनौर ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि जॉर्डन थॉम्पसन और थानासी कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियाई दल को पूरा करेंगे। लेटन हेविट की कप्तानी वाली टीम 2022 और 2023 डेविस कप फाइनल में उपविजेता रहने और पिछले सीजन में मलागा में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद हाल के वर्षों में अपने शानदार प्रदर्शन को बेहतर करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। किर्गियोस, जिन्होंने 2013 और 2019 के बीच 11 बार खेला, ने प्रतियोगिता में एक प्रभावशाली इतिहास बनाया है, जिसमें एकल मैचों में उनका रिकॉर्ड 11-5 है।पहले दिन दो एकल मैच और एक युगल मैच, साथ ही दूसरे दिन रिवर्स एकल मैच शामिल हैं, यह मुकाबला स्टॉकहोम के रॉयल टेनिस हॉल के एक इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेला जाएगा।

## भारतीय टीम के नये कप्तान का फैसला बीसीसीआई के लिए आसान नहीं

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जिस प्रकार से खराब फार्म से गुजर रहे हैं। उससे जून में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरिज में उनका खेलना तय नहीं है। उनकी उम्र भी करीब 38 साल हो रही है और ऐसे में भारतीय टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ नये कप्तान के साथ उतर सकती है।




भारतीय टीम को अब डब्लयूटीसी 2025-27 की तैयारी में लगना होगा और इसके लिए भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) को नये कप्तान पर फैसला करना होगा हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा।

भारतीय टीम एक दशक में पहली बार ऐसी स्थिति में है, जब उसे नया कप्तान चाहिए और उसके लिए उसके पास तीन विकल्प हैं। जिसमें पहला नाम जसप्रीत बुमराह का है। बमराह की कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट जीताथा। उनके नाम पर सभी तैयार रहेंगे पर टीम प्रबंधन कार्यभार प्रबंधन के तहत उन्हें यह जिम्मेदारी से नहीं देना चाहेगा। बुमराह काम का बोझ बढ़ने के कारण दबाव में रहते हैं। पीठ में दर्द के कारण वह सिडनी टेस्ट में पूरे समय नहीं खेल पाये थे। इससे पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी फिटनेस के ही मामले को लेकर टी20 टीम की कप्तानी नहीं दी थी। इसका कारण है कि कि वे हर मैच में उपलब्ध नहीं रहते हैं। इसी आधार पर अच्छे रिकॉर्ड और अनुभवी के बावजूद हार्दिक पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव को कप्तान बना दिया गया। ऐसे में बुमराह को भी टेस्ट टीम का नियमित कप्तान बनाए जाने की संभावना कम ही है।

## मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने सभी प्रयास किये जा रहे : लवलीना

गुवाहाटी (ए)। ओलंपिक पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा है कि मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। लवलीना अभी विश्व मुक्केबाजी की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग की सदस्य बनी हैं। बोरगोहेन ने कहा कि मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई पर इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।लवलीना ने ,' एथलीट आयोग जैसी समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी की तकनीकी पहलुओं विशेष रूप से 'स्कोरिंग और जजिंग की निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण करने की भी आवश्यकता है। लवलीना ने कहा, 'अभी तक भारत सिर्फ एक सामान्य सदस्य था जिसके पास विरोध जताने या व्यवस्था में कमी बताने के बहुत कम अवसर होते थे।

## शास्त्री ने शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाए



दुबई, (आरएनएस)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए तेज गेंदबाज को न भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठाए हैं, जिसमें भारत 3-1 से हार गया था।

टखने की चोट के कारण 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने और 2024 की शुरुआत में सर्जरी कराने के बावजूद, तेज गेंदबाज ने घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में भाग लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज के दौरान वापसी की उम्मीद बढ़ गई।

मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले उन्हें आधिकारिक तौर पर बाहर कर दिया गया था, बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने घुटने में सूजन का हवाला दिया था।

शास्त्री और पोंटिंग का मानना है कि शमी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा और सीरीज के अंत में वापसी में तेजी लाई जा सकती थी।

शास्त्री ने कहा कि शमी को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जा सकता था और फिर उनकी भागीदारी पर निर्णय लिया जा सकता था।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, जब उनसे पूछा गया कि क्या शमी मेलबर्न या सिडनी में सीरीज को अपने पक्ष में कर सकते थे, बिल्कुल, इसमें कोई संदेह नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो, मैं मीडिया में चल रही इस बातचीत से बहुत हैरान था कि मोहम्मद शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ। रिकवरी के मामले में वह कहां है? वह एनसीए में कब से बैठा है, मुझे नहीं पता। वह कहां खड़ा है, इस बारे में उचित बातचीत क्यों नहीं हो पा रही है? उसकी क्षमता के अनुसार खिलाड़ी होने के कारण मैं उसे ऑस्ट्रेलिया ले आता।उन्होंने कहा, मैं उसे टीम का हिस्सा बनाए रखता और सुनिश्चित करता कि उसका पुनर्वास टीम के साथ हो। और फिर अगर तीसरे टेस्ट मैच तक हमें लगता कि नहीं, यह खिलाड़ी सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल सकता, तो मैं उसे जाने देता। शास्त्री ने कहा, लेकिन मैं उसे टीम के साथ लाता, उसे रखता, सर्वश्रेष्ठ फिजियो से उसकी निगरानी करता और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद अंतरराष्ट्रीय फिजियो से भी सर्वश्रेष्ठ सलाह लेता, जो देखते हैं कि वह कैसा प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन मैं उसे टीम में बनाए रखता। पोंटिंग ने शास्त्री की भावना को दोहराया, इससे पहले कि इस बात पर जोर दिया जाए कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज के अंत में यह तेज गेंदबाज कितना महत्वपूर्ण हो सकता था। मुझे वास्तव में आश्चर्य हुआ जब उसे सीरीज के बीच में भी नहीं बुलाया गया, दो टेस्ट मैच हो चुके थे।

# रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित होगा ऋतुराज गायकवाड़

### टेस्ट टीम में ले सकता है उनकी जगह!

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा बतौर कप्तान ही नहीं बतौर बल्लेबाज भी काफी निराशाजनक रहा. 3 मैचों में वह सिर्फ 31 रन ही बना सके. वैसे तो रोहित ने ये क्लीयर कर दिया है की वह अभी रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे हैं. लेकिन, अगर आगे भी टेस्ट में उनके बल्ले से रन नहीं आते, तो यकीनन टीम इंडिया को उन्हें रिप्लेस करने की जरूरत पड़ सकती है. तो आइए आपको एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताते हैं, जो आने वाले टाइम में रोहित का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं।



वैसे तो घरेलू क्रिकेट में कई खिलाड़ी हैं, जो बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और जरूरत पड़ने पर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं. मगर, इन सबमें ऋतुराज गायकवाड़ एक ऐसा नाम है, जो आने वाले समय में रोहित शर्मा का बेस्ट रिप्लेसमेंट साबित हो सकते हैं। गायकवाड़ ने आईपीएल में एमएस धोनी को प्रभावित किया और अब वह चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं।

तकनीकी तौर पर गायकवाड़ काफी मजबूत माने जाते हैं. उन्होंने 37 फर्स्ट क्लास मैचों में 41.52 की औसत से 2533 रन बनाए हैं जिसमें सात शतक और 13 अर्धशतक जमाए हैं. वह इंडिया-ए की ओर से भी खेलते हैं और कप्तानी भी करते हैं. गायकवाड़ की उम्र भी कम है और अगर उनको मौका मिलता है, तो वह टीम इंडिया के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

रोहित शर्मा ने भारत के लिए कुल 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 12 शतक और 18 अर्धशतक भी लगाए. लेकिन, साल 2024 में रोहित का बल्ला खामोश रहा. उन्होंने 2024 में रोहित ने कुल 14 टेस्ट मैच खेले, जिसकी 26 पारियों में बल्लेबाजी करने आए।

इस दौरान उन्होंने 24.76 के औसत से 619 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 2 फिफ्टी निकली. वहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तो रोहित के बल्ले से रन ही नहीं आए. उन्होंने 3 मैचों में सिर्फ 31 रन बनाए, जो भारतीय टीम की हार की बड़ी वजह रहा।

## हेजलवुड के पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका टेस्ट दौरे से बाहर होने की संभावना

नई दिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया को 29 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है, क्योंकि सीनियर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पिंडली की चोट और साइड स्ट्रेन के कारण दौरे से बाहर होने की संभावना है।

हेजलवुड को भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी और इसके बाद वह सीरीज के अगले दो टेस्ट से बाहर हो गए।

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, हेजलवुड के श्रीलंका में लाल गेंद के मैच खेलने की संभावना नहीं है और चयनकर्ता बुधवार को अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे, जिसमें टेस्ट घटक के लिए 16 खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। गुरुवार को घोषणा की उम्मीद है।

इसमें यह भी कहा गया है कि चयनकर्ता चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी एक सफेद गेंद वाली टीम का चयन करेंगे, जो 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई में होगी।

# विदेश समाचार

## पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक से दहला अफगानिस्तान , फिर हमला करने की दी चेतावनी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान ने सोमवार को अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में अपनी हालिया एयर स्ट्राइक को उचित ठहराया। सरकार ने सोमवार को कहा कि यदि जरूरी हुआ तो वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए अफगान क्षेत्र के अंदर ऐसे और हमले करेगी।

राजनीतिक मामलों पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह ने सोमवार को स्थानीय मीडिया से कहा, यदि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए किया जाता है तो हमारे पास इन ऑपरेशन को जारी रखने का कानूनी अधिकार है। 24 दिसंबर को अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक में कई महिलाओं और बच्चों सहित 46 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान की इस कार्रवाई की दुनिया भर में आलोचना हुई और युद्धग्रस्त देश में तालिबान शासन की ओर से उसे कड़ी चेतावनी दी गई। हमला पक्तिका प्रांत के बरमल जिले के कुछ हिस्सों पर किया गया था। यह 2024 में इस्लामाबाद की तरफ से अफगान नागरिक क्षेत्र पर सीधे हमला करने का दूसरा मामला था। मार्च 2024 में इसी तरह के हमले में तीन बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। सनाउल्लाह का बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद ने टीटीपी और अन्य 'राज्य विरोधी आतंकवादी समूहों' के खिलाफ अपने 'आतंकवाद विरोधी अभियान' तेज कर दिए है। पाकिस्तान का अफगान तालिबान पर आरोप है कि वह टीटीपी विद्रोहियों को सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने और उनकी आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करता है। हालांकि काबुल इन आरोपों का खंडन करता आया है।

# सत्ता हस्तांतरण को मुश्किल बना रहे हैं बाइडेन : ट्रंप




वाशिंगटन (आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति बन जाएंगे लेकिन प्रेसिडेंट जो बाइडेन के खिलाफ उनके तल्ख तेवर कायम हैं। अब उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन पर सत्ता हस्तांतरण को कठिन बनाने का आरोप लगाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने हाल के दिनों में जलवायु और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर बाइडेन प्रशासन के कार्यकारी आदेशों का उदाहरण देते हुए यह आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, बाइडेन इस बदलाव को जितना संभव हो सके उतना मुश्किल बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसमें कानूनी कार्रवाई से लेकर ग्रीन न्यू स्कैम और अन्य पैसे बर्बाद करने वाले महंगे और हास्यास्पद कार्यकारी आदेश शामिल हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, डरो मत, ये सभी आदेश जल्द ही समाप्त हो जाएंगे, और हम सामान्य समझ और ताकत वाला राष्ट्र बन जाएंगे।

बाइडेन के साथ ही ट्रंप कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो पर भी काफी हमलावर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जब अपने इस्तीफे की घोषणा की तो उन्होंने तंज कसते हुए एक बार फिर कनाडा को अमेरिका में मिला देने का ऑफर किया।

बता दें कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर रहेंगे।

ट्रंप ने ट्रूडो की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद अपने प्रस्ताव को फिर दोहराया। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कहा, कनाडा में बहुत से लोग 51वें राज्य का हिस्सा बनना पसंद करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका अब उस बड़े व्यापार घाटे और सब्सिडी को सहन नहीं कर सकता है जिनकी कनाडा को बने रहने के लिए जरूरत है। जस्टिन ट्रूडो को यह पता था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

ट्रंप ने आगे कहा, अगर कनाडा अमेरिका के साथ मिलता है तो कोई टैरिफ नहीं होगा, टैक्स बहुत कम हो जाएंगे, वह रूसी और चीनी जहाजों के खतरे से भी पूरी तरह सुरक्षित रहेगा जो लगातार उन्हें घेर रहे हैं। साथ मिलकर यह कितना महान राष्ट्र होगा।

## भारतीय मूल की इस नेता को बनाया जा सकता हैं कनाडा का प्रधानमंत्री

ओटावा (आरएनएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफ के बाद से उनके उत्तराधिकारी को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। खबरों के अनुसार भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद पीएम पद की एक मजबूत दावेदार हैं। बता दें जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों अब दिवंगत हो चुके हैं) भारतीय फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और शोधकर्ता हैं। आनंद 1985 में ओंटारियो चली गईं। उन्होंने और उनके पति जॉन ने अपने चार बच्चों का पालन-पोषण ओकविले में किया। आनंद ने अपने करियर के दौरान अब तक कई पदों पर काम किया है। वह पहली बार 2019 में ओकविले के लिए संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। उन्होंने 2019 से 2021 तक सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में कार्य किया और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया। सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में, आनंद ने कोविड-19 महामारी दौरान कनाडाई लोगों के लिए वैक्सीन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और रैपिड टेस्ट सुरक्षित करने के लिए अनुबंध वार्ता का नेतृत्व किया। अनीता जब राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बनीं, तो उन्होंने सेना में यौन दुराचार के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान कीव को व्यापक सैन्य मदद के साथ-साथ यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए कर्मियों की व्यवस्था भी की।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान ने बरपाया कहर, लाखों घरों की कटी बिजली; 2,400 उड़ानें रद्द-50 ट्रेनें रद्द

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी के चलते लाखों लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। सड़कों पर बर्फ जम गई है जिसकी वजह से हुए हादसों में लोगों की मौतें भी हुई हैं। बर्फीले तूफान ने अमेरिका के एक दर्जन से अधिक राज्यों को अपनी चपेट में लिया है। मिडिल अमेरिका के कैनसस से लेकर पूर्वी तट पर न्यू जर्सी तक छह करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

सोमवार दोपहर तक मिसौरी से वर्जीनिया तक 175,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर थे। बर्फीले तूफान की वजह से 2,400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं और हजारों विमानों ने देरी से उड़ान भरी। तूफान की वजह से रेल यात्रा भी बुरी तरह प्रभावित हुई। नेशनल रेलरोड पैसेंजर कॉरपोरेशन ने 50 से अधिक ट्रेनें रद्द कर दी हैं। तूफान से संबंधित यातायात दुर्घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हुए हैं।

चैपमैन और सेंट जॉर्ज, कंसास में 18 इंच तक बर्फबारी दर्ज की गई है, जबकि कैमरून, मिसौरी और मेसन, वेस्ट वर्जीनिया में 10 इंच से अधिक बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग की मानें तो तूफान के कारण कई इलाकों में तापमान -18 डिग्री तक जा सकता है। बर्फबारी, सर्द हवा और लगातार गिरते तापमान के कारण देश के कुछ हिस्सों में यात्रा की स्थिति खतरनाक हो गई है। केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर ने लोगों से घरों में रहने का आग्रह किया है।

## दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम आबादी वाले मुल्क की 'ब्रिक्स' में एंट्री, बना 11वां देश



साओ पाउलो (आरएनएस)। दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के औपचारिक समूह ब्रिक्स का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया की ब्रिक्स समूह में एंट्री हो गई है। इसी के साथ इंडोनेशिया ब्रिक्स का हिस्सा बनने वाला 11वां देश बन गया है। समूह के मौजूदा अध्यक्ष ब्राजील ने मंगलवार को ऐलान किया कि इंडोनेशिया ब्रिक्स समूह का पूर्ण सदस्य बन गया है।

ब्राजील ने कहा कि 2023 में जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन में ब्लॉक के सदस्यों ने इंडोनेशिया की उम्मीदवारी का समर्थन किया था। इसके बाद इंडोनेशिया को समूह में शामिल करने का फैसला लिया गया है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इंडोनेशिया के ब्रिक्स में शामिल होने का स्वागत किया। इसमें कहा गया कि इंडोनेशिया और अन्य ब्रिक्स सदस्य वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधार का समर्थन करते हैं।ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ब्राजील सरकार ब्रिक्स में इंडोनेशिया के प्रवेश का स्वागत करती है। दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आबादी वाले देश के रूप में इंडोनेशिया अन्य ब्रिक्स सदस्यों के साथ ग्लोबल संस्थानों में सुधार का समर्थन करता है। गौरतलब है कि ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने साल 2009 में ब्रिक्स का गठन किया था। साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका को ब्रिक्स समूह में जोड़ा गया था। पिछले साल 2024 में समूह का विस्तार ईरान, मिस्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब को शामिल करने के लिए किया गया था।

## मक्का और मदीना में आई भीषण बाढ़, पूरा सऊदी अरब हाई अलर्ट पर

सऊदी अरब (आरएनएस)। सऊदी अरब में भारी बारिश के बाद भीषण बाढ़ आ गई है। मक्का और मदीना के ज्यादातर हिस्सों में खास तौर से जेद्दा शहर और गवर्नरेट के अन्य क्षेत्रों में ओलावृष्टि और तूफान के साथ भारी बारिश हो रही है। बारिश के बाद आई बाढ़ से काफी नुकसान हुआ है।



भयंकर बारिश ने पूरे सऊदी का माहौल बदल दिया है। भारी बारिश के कारण सऊदी के कई शहर डूब गए हैं। आगे भी ऐसी स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। नेशनल मीटियोलॉजिकल सेंटर ने इस सप्ताह के लिए मध्यम से भारी बारिश, गरज और धूल भरी आंधी का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले एक घंटे में बारिश के लिए कई येलो वेदर वॉर्निंग जारी की गई हैं। इस बारिश में सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका अल-उला और अल-मदीना है। अल-मदीना में मुस्लिमों का सबसे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी है, जहां की वीडियो काफी वायरल हो रही है। वीडियो में मस्जिद के अंदर तेज बारिश के साथ पानी भरा हुआ दिख रहा है। राज्यों में कई जगहों पर आने-जाने की मनाही है और इसके साथ ही स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन




सीहोर (निप्र)। शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही जिले में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर आमजन को शासन की हितग्राही मूलक योजनओं से लाभान्वि किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आष्टा तहसील के ग्राम रिछाडिया, देवनखेड़ी, मेमदाखेड़ी एवं लसुड़िया विजयसिंह में जनकल्याण शिविर एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्राम रिछाडिया एवं देवनखेड़ी में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है। सरकार गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। जवाहर नवोदय विद्यालय सीहोर की चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिले के सभी विकास खंडों सहित कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में जिले के 3476 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ के एस बघेल ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपना पंजीयन जिस विकासखंड से कराया है उनकी परीक्षा उसी विकासखंड के परीक्षा केन्द्र पर कराई जाएगी।

# हनुमान झंडा यात्रा में शामिल हुए पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय



सीहोर (निप्र)। नव वर्ष के पहले मंगलवार को शहर के बाल हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन किया गया था। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और नगर सेठ राकेश राय सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़ियाखेड़ी पाटी स्थित बाल हनुमान मन्दिर द्वारा आयोजित हनुमान झंडा यात्रा में मुख्य अतिथि श्री राय शामिल हुए और झंडे को हनुमान मंदिर से प्रारंभ करवाया। झंडा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंची इस मौके पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर (निप्र)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत,आनंद सिंह राजावत, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न कंपनियां 1176 पदों पर करेंगी भर्तियां

सीहोर (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 10 जनवरी 2024 को प्रात: 10:30 बजे से 04 बजे तक युवां संगम में तहत रोजगार- स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की एक्सिस बैंक द्वारा असिस्टेंट मैनेजर के 10 पदों पर महिला एवं पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। शिव शक्ति एग्रीटेक द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव के 25 पदों पर पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि द्वारा वेलसेन एडवाइजर के 200 पदों पर महिला एवं पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार एसआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 315 पदों पर पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। फीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी द्वारा शिक्षक के 03 पदों पर महिला एवं पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी। व्हीपी इंटरप्राइजेज द्वारा इलेक्ट्रिशियन के 10 पदों पर पुरूष आवेदकों की भर्ती की जाएगी।

# प्रतिष्ठा द्वादशी पर होंगे अनेक कार्यक्रम, छावनी में निकलेगी प्रभात फेरी, सवा 5 लाख राम नाम जप होगें

सीहोर (निप्र)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष उस तिथि को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। आगामी 11 जनवरी शनिवार को प्रतिष्ठा द्वादशी है। इसको लेकर छावनी उत्सव समिति की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें इस तिथि को गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया ।

### सवा पॉच लाख राम नाम जप भी होगा

छावनी उत्सव समिति की एक वृहद बैठक सिद्ध हनुमान मंदिर नमक चौराहा पर सम्पन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में छावनी के गणमान्य नागरिक, विभिन्न उत्सव समितियों के सदस्यगण उपस्थित हुए। यहॉ प्रतिष्ठा द्वादशी को गौरव दिवस के रूप में मनाने आम सहमति हुई। प्रभात फेरी सुबह 7 हनुमान मंदिर से निकलेगी जो छावनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई जगदीश मंदिर पहुॅचेगी। इसमें भजनों के साथ ही रामनाम का 525000 सवा पॉच लाख से अधिक जाप भी किया जायेगा।

### सुमधुर बधाई गीत का भी आयोजन

गौरव दिवस प्रतिष्ठा द्वादशी पर जगदीश मंदिर सब्जी मण्डी में शाम 5 से 7 बजे तक भगवान को झूला झुलाते हुए बधाई गीत का आयोजन किया गया है। यहॉ श्रीराम जानकी जी के 108 नामों से पुष्प व सिंदूर से अर्चन किया जायेगा।

### घरों पर भगवा ध्वज फहरायेंगे

छावनी उत्सव समिति और सीता वाहिनी छावनी ने सभी नगर वासियों से निवेदन किया है वह प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर घरों पर नये भगवा ध्वज अवश्य लगायें। शाम को 5-5 दीपक जलाकर रोशनी करें और रांगोली बनायें। साथ ही आतिशबाजी भी अवश्य चलायें। यह हिन्दु समाज के गौरव का दिन है।

# योग की विकास खंड स्तरीय कार्यशाला संपन्न



सीहोर (निप्र)। स्थानीय आवासीय खेलकूद संस्थान के सभागृह में विकासखंड स्तरीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इसमें विकासखंड के विभिन्न संकुल से 40 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। योग कार्यशाला का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर एवं आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया । विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर ने कार्यशाला में कहा कि उपस्थित प्रशिक्षणार्थी को संकुल स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर बच्चों को योग कराना है । योग ना केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से वरन मानसिक एवं बौद्धिक दृष्टि से भी आवश्यक है ।आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि व्यस्त समय से समय निकालकर हमें प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए । योग कार्यशाला में सूक्ष्म व्यायाम, स्थूल व्यायाम, आसन प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया । कार्यशला के बिंदु में बच्चों को योग प्रतियोगिता हेतु तैयार करना ,बाल रंग ,योग ओलंपियाड ,योग क्लब आदि शामिल है ।

## प्रांतीय शिक्षक संघ के कार्य सराहनीय : प्रिंस विकास राठौर




सीहोर (निप्र)। प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने माननीय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को संगठन का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने कहा कि संगठन के शैक्षणिक और सामाजिक कार्य निश्चित रूप से सराहनीय है ।संगठन ना केवल शिक्षक हित की बात करता है वरन शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए भी प्रयास करता है । विदित है कि प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर का वार्षिक कैलेंडर 2051 पदाधिकारी की फोटो से सुसज्जित है। कैलेंडर में शिक्षाओं के नवाचार प्रांतीय शिक्षक संघ के द्वारा किए गए सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों का समावेश है ।इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया,जितेंद्र सेन, महेंद्र बाथम ,विष्णु परमार, विष्णु शर्मा, राजमल वर्मा, नवीन शर्मा, राजेंद्र परमार, नरेश मेवाडा हेमंत मालवीय आदि मौजूद थे।

## विद्युत वितरण कंपनी से नो ड्यूज प्रमाण पत्र लेना हुआ आसान

सीहोर (निप्र)।ग्राम पंचायत, जिला पंचायत या फिर नगर पालिका, के चुनाव हों या विभिन्न सहकारी संस्थाओं की सोसायटी के चुनाव हों, प्रत्याशियों को बिजली कंपनी से नो ड्यूज लेना आवश्यक है। लेकिन इसके लिए अब उन्हें बिजली कंपनी के दफ्तर में जाने की आवश्यकता नहीं है। अब मध्य क्षेत्र विदयुत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को ऑनलाइन नो ड्यूज प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना शुरू कर दिया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपनी बिजली कनेक्शन की संपूर्ण बकाया राशि जमा करके ई-केवायसी की प्रक्रिया को कंपलीट करना होगा। कंपनी उपभोक्ताओं को नित नवीन सेवाएं देने के लिये प्रयासरत है। इसी कड़ी में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये ऑनलाइन नो ड्यूज प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके लिए कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर जाकर Consumer login सेक्शन में मोबाइल नंबर एवं ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर उपभोक्ता "नो ड्यूज" प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकते हैं। उपभोक्ता द्वारा उसके मोबाइल नंबर से लिंक समस्त कनेक्शनों का ई-केवायसी पूर्ण होने एवं मीटर की कार्य प्रणाली सही पाए जाने पर एवं किसी भी प्रकार का कोई बकाया नहीं होने पर प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

## कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई शिव महापुराण, गुरुवार को किया जाएगा भगवान शिव का विवाह

### शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली-कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण आचार्य



सीहोर (निप्र)। शिव महापुराण की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि आनंद देने वाली है। क्योंकि भगवान शिव कल्याण और सुख के मूल स्तोत्र हैं। उक्त विचार शहर के प्रसिद्ध करोली वाली माता मंदिर में मंगलवार से आरंभ हुई सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के पहले दिन कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। मंगलवार की सुबह कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया था।

इस मौके पर उन्होंने पहले दिन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि एक नगर में एक ब्राह्मण रहता था जो अत्यंत दुर्बल, रस बेचने वाला और वैदिक धर्म से विमुख था। वह कोई धार्मिक कार्य नहीं करता था और सदैव धन कमाने में ही लगा रहता था। उसके ऊपर जो भी विश्वास करता था वह उसे मुर्ख बना देता था। ऐसा कोई भी नहीं था जिसे उसने धोखा न दिया हो। यहां तक कि वह अपने भाई बहनों के साथ भी छल करता था। उसका धन कभी भी किसी भी धर्म के काम में नहीं लगा एक दिन ईश्वर की कृपा से वह घूमते घूमते प्रयागराज में जा पहुंचा वहां उसने एक शिवालय देखा जहां बहुत से साधु महात्मा इकट्ठे हुए थे और वह भी उस शिवालय में ठहर गया। लेकिन उस शिवालय में उसे बुखार आ गया। उसका शरीर ज्वर की पीड़ा में तड़पने लगा। वही एक ब्राह्मण शिवपुराण की कथा सुना रहे थे। बुखार में पड़ा हुआ देवराज उस ब्राह्मण के मुख से शिव कथा को लगातार सुनता रहा।

# जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में पौधो रोपण का क्रम जारी

## एक दर्जन से अधिक पौधों का वितरण किया

सीहोर (निप्र)। जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में साल भर से विभिन्न परिसरों में पौध-रोपण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में मंगलवार को शहर के सोया चौपाल के अलावा श्री राधेश्याम विहार कालोनी में मंच के पदाधिकारियों के द्वारा एक दर्जन से अधिक पौधों का वितरण किया गया।

इस मौके पर जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और वसुंधरा को संवारने के उनके मन के भाव और संकल्प का प्रकटिकरण है। पौध-रोपण का यह अभियान, परमात्मा से प्रकृति के रूप में जो हमें प्राप्त हुआ है, उसे वापस लौटाने का एक प्रयास भी है। विकास के क्रम में हुए प्रकृति के क्षरण की प्रतिपूर्ति करने और संतुलन बनाए रखने में भी पौध-रोपण से मदद मिल रही है।

वहीं कार्यक्रम में मौजूद जिला संस्कार मंच के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने कहा कि इन दिनों कड़ाके ठंड हो रही है, इसके अलावा गर्मी के दिनों में भी मौसम में परिवर्तन होता रहता है। इसके लिए पौधा रोपण जरूरी है। पौधा रोपण होने से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से खिलवाड़ करने से हवा भी बेहद जहरीली हो गई है, जिसमें सांस लेना भी एक तरह से जहर निगलने जैसा है। इन तमाम समस्याओं का कारण ग्लोबल वार्मिंग और उस कारण से हो रहे जलवायु परिवर्तन को माना जाता है। इस समस्या का समाधान भी



बड़ा आसान है कि अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, जो विशालकाय वृक्ष का रूप लेकर जलवायु परिवर्तन के हमले में ढाल बनकर उसे संतुलित करने में सहायक हों। पौधा रोपण के दौरान आरसी चंद्रवंशी और जितेन्द्र भावसार आदि शामिल थे।

## 14 से 28 जनवरी तक मनाया जाएगा आनंद उत्सव

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही जिले में भी 14 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक आनंद उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिये समूह स्तर पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सहभागिता है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस आनंद उत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी एसडीएम को विकासखण्ड स्तरीय समितियां गठित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी अनुभागों के एसडीएम समिति के अध्यक्ष होंगे। जनपद सीईओ समिति के सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार पंचायत क्लस्टर स्तर के आनंद उत्सव के प्रभारी अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर के आनंद उत्सव के प्रभारी अधिकारी, आनंद क्लब के प्रतिनिधि या आनंदक समिति के सदस्य होंगे। आनंद उत्सव नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जायेगें। यह आयोजन तीन चरणों में होंगे- प्रथम चरण में ग्राम व नगरीय क्षेत्रों में, द्वितीय चरण में विकासखंड स्तर पर एवं तृतीय चरण जिला स्तर पर आयोजित किये जायेगे। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय स्तर पर प्रचलित परम्परागत खेल-कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्सा कसी, चेयर रेस, पिट्ठू, सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि आयोजित किए जाएंगे। आनंद उत्सव का आयोजन इस तरह से किया जायेगा कि समारोह की गतिविधियों में समाज के सभी वर्ग शामिल हो सकें। सभी आनंद उत्सव कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। आनंद उत्सव समाप्ति के पश्चात आनंद उत्सव के दौरान आयोजित खेल-कूद एवं कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को उनकी सहभागिता, सक्रियता, जोश प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। आनंद उत्सवों के कार्यक्रमों में भागीदारी करने वाले सभी महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। आनंद उत्सव आयोजनों के पश्चात् इन कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो के लिये एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# बीएसआई मैदान पर खेली जा रही एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025

### आरएनटीयू भोपाल ने सीहोर एडवोकेट को 49 रन के विशाल अंतर से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 में मंगलवार को एक मुकाबला खेला गया था। जिसमें भोपाल की आरएनटीयू ने सीहोर एडवोकेट को 49 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच के दौरान भोपाल टीम की ओर से विनोद पाल और जमरान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आधा दर्जन विकेट अपने नाम किए।

मंगलवार की सुबह खेले गए इस मैच में क्रीज पर बल्लेबाजी करने उतरे भोपाल आरएनटीयू के बल्लेबाज हृदेश ने 37 गेंद पर 58 रन, जी सतीश ने 15 गेंद पर 18 रन, लोकेश मालवीय ने 24 गेंद पर 37 रन, हर्ष ने 16 गेंद पर 19 रन और विस्फोटक बल्लेबाज मयंक जैन ने शानदार 9 गेंद पर 19 रन बनाए थे। इधर सीहोर एडवोकेट की ओर से गेंदबाजी करते हुए वीरु वर्मा ने 4 ओवर में मात्र 26 रन देकर पांच विकेट के अलावा संकेत ने 3 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर एडवोकेट की पूरी टीम 18.4 ओवर में 127 रन ही बना सकी। इसमें हितेश ने 18 रन, अतुल कुशवाहा ने 21 रन, आशीष शर्मा ने 24 रन, अमित शर्मा ने 15 रन और संकेत ने 23 रन की पारी खेली। इसके अलावा भोपाल आरएनटीयू की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनोद पाल ने 4 ओवर में मात्र 15 रन देकर 4 विकेट, जमरान ने 4 ओवर में 22 रन देकर एक विकेट और मयंक जैन, जमील, जीशान अली और मोहम्मद खान ने 1-1 विकेट हासिल किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को खेले गए मैच का मैन आफ द पुरस्कार विनोद पाल की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिया गया। बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.( वि/यां. ) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल पिन-कोड 462003**

web site : www.mppwd.gov.in email:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

**निविदा क्रमांक 137 एवं 138/2024-25** **भोपाल, दिनांक 02/01/2025**

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-टेण्डरिंग द्वारा ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण http://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि ( रू. लाख में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_392498_1 | सीहोर | बजट कार्य | जिला सीहोर बुदनी म.प्र. में डोबी नदी पर पुल निर्माण और बकतारा से भैसाया रोड तक एप्रोच रोड के कारण 11 केवी लाइन के पोल शिफ्टिंग और ऊंचाई बढ़ाने का कार्य। | द्वितीय | 7.18 |
| 2 | 2025_PWDRB_392499_1 | सीहोर | बजट कार्य | जिला सीहोर आष्टा म.प्र. में पार्वती नदी पर नए पुल पर विधुतीकरण एवं स्ट्रीट लाइट का कार्य। | प्रथम | 19.999 |

उपरोक्त बेव साईट से ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेन्ट) बेव साईट के माध्यम से दिनांक 13/01/2025 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त हो सकेंगा। विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेव साईट में देखी जा सकती है। निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। यह संशोधन केवल विभागीय वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेंगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( वि./यां. ) संभाग क्र. 1,भोपाल**

**जी/21224/24** हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com